स्वकीय काले प्रथिता च तस्मात् ।
खिल्जीखलेन प्रहितोऽपगान्-
स्तदाज्ञया तामपहर्तुकामः ॥३॥

कलावती, रूप में अपने समय में अनुपम मानी जाती थी और इस के कारण उस की बड़ी प्रसिद्धि थी। दुष्ट अलाउद्दीन खिलजी ने उस को अपहरण करने की इच्छा से एक अफगान को भेजा।

अन्यं न दृष्ट्वा कमपि प्रकारम्,
आचक्रमे भूपतिराज्यमेव ।

अव्याकुलः सन्नथकर्णसिंहः,
प्रादर्शयत्स्वीयबलं सुचारु ॥४॥

उस ने और कोई उपाय न देख कर उस राजा के राज्य पर आक्रमण कर दिया। राजा कर्णसिंह ने व्याकुल न हो कर अपने बल का अच्छी प्रकार प्रदर्शन किया।

कलावती देव्यपि भूपमाह,
साकं व्रजिष्यामि रणे त्वयाहम्।
सुक्षत्रियाणां कुलजा स्वशक्ति,
प्रदर्शयिष्यामि रिपून् निहत्य ॥५॥

कलावती देवी ने भी राजा को कहा कि मैं युद्ध भूमि में आप के साथ जाऊंगी। मैं उत्तम क्षत्रियों के कुल में उत्पन्न हुई हूं, इस लिए शत्रुओं को मार कर अपनी शक्ति को दिखाऊंगी।

ततस्तु भूपः सह तां निनाय,
रणाङ्गणे वीतभयां सुवीराम्।
दुर्गेव सा चापि कृपाणपाणि-
रकम्पयच्छत्रुगणं प्रचण्डी ॥६॥

तब राजा उस निर्भया सुवीरा पत्नी को अपने स्थान रणभूमि में ले गया और उस ने भी दुर्गा की तरह तलवार हाथ में ले कर और अत्यन्त तेजस्विनी रूप धारण कर के शत्रुगण को कंपा दिया।

विजित्य शत्रून् निजराज्यकेतुं,
हर्षेण पूर्णा ह्युदतोलयत् सा।

परं स्वनाथं पतितं धरायां,
दृष्ट्वा विषादं परमं जगाम ॥७॥

शत्रुओं को जीत कर उसने अपने राज्य की ध्वजा को प्रसन्न हो कर फहराया, किन्तु अपने पति को भूमि में गिरा हुआ देख कर उस को अत्यन्त दुःख हुआ ।

स शूरवीरः क्षतविक्षताङ्गः,
पपात भूमौ गतसंज्ञ आसीत् ।
आयोज्य पत्युस्त्वरितं चिकित्सां,
शुश्रूषणेऽहर्निशमेव मग्ना ॥८॥

वह शूरवीर जिस के अङ्गों में कई घाव आदि हो गये थे, मूर्छित हो कर भूमि में गिर पड़ा था । अपने पति की चिकित्सा का जल्दी से प्रबन्ध कर के वह दिन रात उस की सेवा में लग गई ।

परं यदारोग्यमयं न लेभे,
सती तु पप्रच्छ सुवैद्यवर्यम् ।
अस्त्येव कश्चिन्मतिमन्नुपायः,
प्राणप्रियो येन भवेदरोगः ॥९॥

किन्तु जब वह नीरोग नहीं हुआ तो उस सती ने श्रेष्ठ वैद्य से पूछा— हे बुद्धिमन् ! कोई ऐसा उपाय है जिस से मेरे प्राणप्रिय पति देव रोग रहित हो जाएं ।

प्राणान् स्वकीयानपि वैद्य दत्वा,
नीरोगमिच्छामि तमेव कर्तुम् ।

प्राणेश्वरश्चेदगदो नहि स्यात्,
धृत्वाप्यसून् भोः किमहं करिष्ये ॥१०॥

वैद्य जी ! मैं अपने प्राणों को भी दे कर अपने पतिदेव को नीरोग करना चाहती हूं। यदि मेरे प्राणनाथ स्वस्थ न हुए तो मैं प्राण धारण कर के भी क्या करूंगी ?

उवाच वैद्यः सुभगेऽस्त्युपायः,
परन्तु कर्तुं भुवि कोऽत्र सिद्धः?
विषेण देहोऽस्ति नृपस्य पूर्णः,
लीढे तु तस्मिन्नगदो ध्रुवं स्यात् ॥११॥

वैद्य ने उत्तर दिया कि हे सौभाग्यवती देवि ! एक उपाय तो है किन्तु उसे करने को इस पृथिवी में कौन तैयार है ? राजा का शरीर विष से पूर्ण हो गया है। यदि उस विष को किसी तरह चूस लिया जाय तो वह निश्चय से नीरोग हो जायेगा।

परं जनो योऽपिविषं प्रलिह्या-
न्नूनं स मृत्योर्मुखमेव गच्छेत्।
संशीतिलेशोऽपि न तत्र भद्रे,
तस्मान्मयोक्तं नहि कोऽपिसिद्धः ॥१२॥

किन्तु जो भी उस विष को चूसेगा वह निश्चय से मृत्यु के मुख में चला जाएगा। हे भद्रे ! इस में कोई भी सन्देह नहीं, इसी लिए मैंने कहा था कि इस के लिए कोई तैयार नहीं।

आकर्ण्य तस्याः सुपतिव्रताया
मुखाम्बुजं म्लानमपि प्रसन्नम्।

विकाशमाप्तं मुदिता सती सा,
विषं समस्तं त्वरितं लिलेह ॥१३॥

वैद्य जी की इस बात को सुन कर उस उत्तम पतिव्रता का मुरझाया हुआ मुख कमल खिल उठा और प्रसन्न हो कर उसने जल्दी से उस के विष को चूस लिया।

सद्यो नृपो व्याधिभयेन मुक्तः,
संज्ञां च लेभेऽस्मरदेव देवीम्।
परं यदा नोत्तरमप्यलंभि,
तदा सशङ्कः स बभूव धीमान् ॥१४॥

जल्दी से राजा बीमारी के भय से मुक्त हो गया और जब उसे होश आई तो उसने देवी कलावती को स्मरण किया। किन्तु जब उसे कोई उत्तर न मिला तो वह बुद्धिमान् शङ्कित हो गया।

प्राणप्रिया मे क्व गता यथार्थं
भो ब्रूत कुत्रास्ति हि जीवितं मे।
यया विना जीवितुमेव नेहे,
कुत्रास्ति सा मे दयिता दयालुः ॥१५॥

उसने कहा मेरी प्राणप्रिया कहां चली गई? मुझे ठीक-ठीक बताओ कि मेरी जान कहां है? जिस के बिना मैं जीना भी नहीं चाहता वह मेरी दयावती पत्नी कहां है?

विषस्य पानेन सुकोमलङ्ग्या-
स्तस्याः समस्तं रुचिरं शरीरम्।

स्वल्पेन कालेन विहाय कान्तिं,
म्लानत्वमाप्तं कुसुमं विवर्णम् ॥१६॥

विष के पान से उस सुकोमलाङ्गी देवी का सारा सुन्दर शरीर थोड़ी ही देर में अपनी सुन्दरता को छोड़ कर रंग रहित फूल की तरह मुरझा गया ।

क्षणेन साध्वी सुपतिव्रता सा,
विनश्वरं देहमिमं विसृज्य ।
देवं स्मरन्ती मुदिता हसन्ती,
सुदुर्लभं प्राप पदं वरेण्यम् ॥१७॥

कुछ क्षणों में ही वह साध्वी उत्तम पतिव्रता देवी इस नाशवान् शरीर का परित्याग कर के देव का स्मरण करती और प्रसन्नता पूर्वक हंसती हुई अत्यन्त दुर्लभ श्रेष्ठ पद को प्राप्त हुई ।

राज्ञा यदाकर्णितमेव वृत्तम्,
अरुन्तुदं तन्निधनस्य सत्याः ।
'तया विना जीवितुमुत्सहे नो'
इत्येवमुक्त्वा विजहावसून् सः ॥१८॥

राजा ने जब उस सती की मृत्यु का यह मर्मच्छेदी वृत्तान्त सुना तो मैं उस के बिना नहीं जीना चाहता यह कह कर उसने भी प्राण छोड़ दिये ।

धन्यासि हे देवि कलावति त्वं,
धन्याभिनन्द्या महिला सुकृत्या ।

आदर्श उच्चोऽति पतिव्रतायाः,
सद्वीरतायाश्च यया न्यधायि ॥१६॥

हे देवि कलावति ! तू धन्य है । तू अभिनन्दनीय, उत्तम कृत्यों वाली देवी धन्य है जिस ने पतिव्रता धर्म और उत्तम वीरता का उच्च आदर्श स्थापित किया ।

इमां शुभां पुण्यभुवं विहाय,
उत्सर्ग इत्थं क्व नु लभ्यतेऽत्र ।
आदर्शमत्यद्भुतमादधानां,
त्वां देवि भद्रे विनता नमामः ॥२०॥

इस उत्तम पुण्य भूमि को छोड़ कर ऐसा त्याग कहां पाया जाता है ? अत्यन्त अद्भुत आदर्श को स्थापित करने वाली तुझ उत्तम देवी को हम नम्र हो कर नमस्कार करते हैं ।

—०—

सती जयमती

(सप्तदशशतकीया)

गदापाणिपत्नी सती जयमतो,
असमदेशजा राजवंशोद्भवा ।
लरा नाम भूपस्य दुष्टाज्ञया
विषेहे विषमयातनास्ताडिता ॥१॥

असम देश में राजकुलोत्पन्न गदापाणि नामक छोटे राजा की

साध्वी पत्नी जयमती ने असम देश के 'लरा' उपनाम वाले दुष्ट राजा की आज्ञा से दी जाती हुई भयङ्कर यातनाओं को सहन किया।

कशाभिर्भृशं ताडिता निर्दयं,
जहौ सा शरीरं स्वभर्तुः कृते।
परं ताडितापीह सततं सती,
स्वकीयस्य भर्तुर्न परिचयमदात् ॥२॥

उसे निर्दयता पूर्वक कोड़ों से बहुत मारा गया जिस के कारण पति की रक्षा के लिए उसने अपने प्राणों का परित्याग कर दिया किन्तु इस प्रकार लगातार २० दिनों तक कोड़ों द्वारा मारे जाने पर भी उसने अपने पति का पता नहीं दिया कि वे कहां गुप्त रूप से निवास कर रहे हैं।

यतस्तं निहन्तुं लरा दुष्ट राट्,
इयेषात्र राज्यं विधातुं मुदा।
अतो नैव कष्टे स्वभर्तापतेत्,
विचार्येदमेवोत्तरं नाददात् ॥३॥

क्योंकि वह अत्यन्त दुष्ट 'लरा' राजा उस के पति गदापाणि को मारना चाहता था ताकि वह प्रसन्नता से स्वच्छ राज्य कर सके। इस लिए उस देवी जयमती ने यह सोच कर कि मेरे पति कष्ट में न पड़ें, राजा और उस के कर्मचारियों को उस के विषय में उत्तर नहीं दिया।

गदापाणिना छद्मवेशेन सा,
निगदिता कथयितुं रहस्यं स्वयम्।
परं सा सती नाथमाहाभया,
स्वभर्तुः कृते प्राणदानोद्यता ॥४॥

गुप्तवेशधारी गदापाणि ने भी उसे एक बार आ कर इस रहस्य को प्रकट करने के लिए कह दिया। (ताकि वह इस भयङ्कर कोड़ों की मार से बच जाय) किन्तु उस निर्भय सती ने जो अपने पति के लिए प्राण देने के लिए भी तैयार थी।

न नाथं भये पातयित्वा त्वहं,
पलं जीवितुं वै कदाप्युत्सहे।
भयं नैव चिन्ता मनाक् चापि मे,
स्वपत्युः कृते प्राणसम्मोचने ॥५॥

मैं अपने पति को भय संकट में डाल कर तो कभी एक पल भी जीना नहीं चाहती। अपने पतिदेव के लिए प्राणों का परित्याग करने में न तो मुझे कोई भय है और न जरा सी भी चिन्ता।

न बलिदानमस्या वृथाऽजायत,
प्रजज्वाल विद्रोहवह्निर्विशि।
गदापाणिना नाशितो लारकः,
तदीया च सेना जनैर्नाशिता ॥६॥

इस पतिव्रता देवी का यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। इस के कारण प्रजा में विद्रोह की अग्नि जल उठी। गदापाणि ने राजा लार को मार दिया और प्रजा के लोगों ने मिल कर राजा की सेना का नाश कर दिया।

कियानुच्च आदर्शएषोऽमलः,
कियांस्त्याग एष ध्रुवं पश्यत।
यया स्थापितोऽसौ मुदा वीरया,
न कस्यास्ति वन्द्या सती जयमती ॥७॥

यह कितना पवित्र और ऊंचा आदर्श और त्याग है इस को निश्चय से देखो । यह ऊंचा आदर्श जिस वीरा देवी ने प्रसन्नतापूर्वक रखा वह सती जयमती किस के लिए वन्दनीय नहीं ?

—·—

राष्ट्रमाता कस्तूरी बा

(१८६९ – २२ फरवरी १९४४ ई०)

गान्धी महात्मा समतोषयद् यां,
मातेति मत्वा समपूजयच्च ।
तस्यानुरूपा सुपतिव्रता सा,
कस्तूरिमाता सकलैर्नमस्या ॥१॥

महात्मा गांधी जी भी जिन को बा या माता पुकार कर प्रसन्न करते और जिस का सम्मान करते थे ऐसी उन की अनुरूप उत्तम पतिव्रता माता कस्तूर बा सब के लिए नमस्कार करने योग्य है ।

अशिक्षिता यास विवाहकाले,
ततोऽपि शिक्षां न समाससाद ।
तथापि विश्वासतपोविभूतिः,
कस्तूरिमाता सकलैर्नमस्या ॥२॥

जो विवाह के समय अशिक्षिता थी और उस के पश्चात् भी जो विशेष शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकी, तो भी विश्वास और तप की विभूति से सम्पन्न कस्तूरी माता सब के लिए नमस्कार करने योग्य है ।

मेने पतिं या भुवि देवतुल्यं,
छायेव तं यानुजगाम नित्यम् ।
कारादि कष्टानि मुदा विषेहे,
कस्तूरिमाता नहि कस्य वन्द्या? ॥३॥

जो अपने पति को संसार में देव के तुल्य मानती थी और छाया के समान उन का सदा अनुसरण करती थी । जिस ने जेल के कष्टों को भी प्रसन्नता से सहन किया वह माता कस्तूर बा किस के लिए वन्दनीय नहीं ?

न केवलं या स्वतनूभवानां,
मता समस्तैर्निजराष्ट्रमाता ।
सारल्यमूर्तिस्सुतपोनिधिस्सा,
कस्तूरिमाता सकलैर्नमस्या ॥४॥

न केवल अपने पुत्रों ने अपितु समस्त भारतीयों ने जिसे राष्ट्र-माता के रूप से माना, वह सरलता की मूर्ति और तप की निधि माता कस्तूरी बा सब के लिए नमस्कार करने योग्य है ।

अस्मिन् युगे साधुपतिव्रताया
आदर्शमुच्चं जगतः समक्षम् ।
संस्थाप्य लोकेऽमरतां प्रयाता,
कस्तूरिमाता नहि केन वन्द्या? ॥५॥

इस युग में उत्तम पतिव्रता के उच्च आदर्श को जगत् के सम्मुख रख कर अमरता को प्राप्त माता कस्तूरी बा किस के लिए वन्दनीय नहीं ?

विनात्र कोलाहलमेवसर्वं,
स्वकीयभर्तुः शुभकार्यजातम् ।
सदाचरन्ती विनयस्तनूमान्,
कस्तूरिबामातरमानतास्ताम् ॥६॥

इस संसार में बिना शोरशार के अपने मान्य पति के उत्तम काय समूह को करने वाली, विनय की मूर्ति कस्तूरी माता को हम प्रणाम करते हैं ।

यावद्भवे चन्द्रदिवाकरौ स्तो
यावद् हिमाद्रिर्भुवि जाह्नवी च ।
समस्तवन्द्येन समं स्वभर्त्रा,
कस्तूरिमाता जगतार्चयिष्यते ॥७॥

जब तक संसार में सूर्य और चन्द्र हैं, जब तक हिमालय और गंगा है, तब तक अपने जगद्वन्द्य पति (महात्मा गांधी) के साथ कस्तूरी माता की भी जगत् के लोगों के द्वारा सदा पूजा की जाएगी ।

—०—

आदर्शपतिव्रता श्रीमती राजवंशी देवी

(निधन दिनाङ्कः ११-१२-६२ ई०)

यस्याः सत्याः, सकलमभवज्जीवितं यज्ञरूपं,
पत्युः सेवां, सततकमकरोद्, याऽप्रमत्ता सदैव ।

भूत्वा धन्या, प्रथममहिला, भारतस्यापि नूनं,
नम्रा वन्द्या, सकलमनुजैः, श्रीमती राजवंशी ॥१॥

जिस सती का सारा जीवन ही यज्ञ रूप था, जिस ने प्रमाद-रहिता हो कर सदा निरन्तर अपने पतिदेव की सेवा की, जो महामहिम राष्ट्रपति जी की पत्नी के रूप में भारत की धन्या प्रथम महिला हो कर भी नम्रा थी, वह श्रीमती राजवंशी देवी सब मनुष्यों द्वारा वन्दनीया है।

यस्या भर्ता, निखिलमहितो, मान्यराजेन्द्रभूपः,
योऽहिंसायाः, सकलभुवने सुप्रतीको विशुद्धः ।
देवं मत्वा, तमिह विमलं, तस्य सेवाप्रवीणा,
साध्वी श्रेष्ठाऽभवदविरतं. श्रीमती राजवंशी ॥२॥

जिस देवी के पति सब लोगों द्वारा पूजित मान्य राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद जी थे, जो सारे संसार में अहिंसा के शुद्ध प्रतीक हैं, उन निर्मल चरित्र को देव समान मान कर उन की सेवा में निरन्तर निपुणा श्रेष्ठा साध्वी श्रीमती राजवंशी देवी थी।

नैवोपेक्षा, कथमपिकृताऽऽसीद् यया स्वीयभर्तुः,
पत्युः पूजा, भवति वनितायै शुभा देवपूजा ।
इत्थं मत्वा, सकलसुविधाः, सा स्वकीया विहाय,
पत्युः पूजामनिशमकरोच्छ्रीमती राजवंशी ॥३॥

जिस देवी ने कभी अपने पतिदेव की उपेक्षा नहीं की, पति की पूजा स्त्री के लिए देव पूजा होती है, यह मान कर अपनी सुविधाओं का भी परित्याग कर के श्रीमती राजवंशी देवी पतिपूजा में दिन-रात तत्परा थीं।

प्रत्नादर्शाः, सकलसुखदास्ते सदा माननीयाः,
रक्ष्यास्माभिः, सततमिह वै, संस्कृतिर्या पुराणी ।
एवं मेने, नहि हितकरी, नोऽस्ति पाश्चात्यधारा,
या तां देवीं प्रणमत बुधाः, श्रीमतीं राजवंशीम्॥४॥

पुराने आदर्श सब के लिए सुखदायक हैं, उन का मान करना चाहिये, हमें अपनी पुरानी संस्कृति की इस संसार में निरन्तर रक्षा करनी चाहिए, इस प्रकार जिस देवी के विचार में पाश्चात्य धारा हमारे लिए हितकारिणी नहीं, ऐसी श्रीमती राजवंशी देवी को हे बुद्धिमानो ! प्रणाम करो ।

इति महिलामणिकीर्तने पतिव्रतावर्गनिरूपणं नाम
प्रथमं काण्डम् ।

महाभारते पतिव्रतादर्शः

सा भार्या या गृहे दक्षा, सा भार्या या प्रजावती ।
सा भार्या या पतिप्राणा, सा भार्या या पतिव्रता ॥४०॥
सखायः प्रविविक्तेषु, भवन्त्येताः प्रियंवदाः ।
पितरो धर्मकार्येषु, भवन्त्यार्तस्य मातरः ॥४३॥

आ० प० अ० ७४ ।

—०—

द्वितीयं काण्डम्

(आदर्शमातृवर्गः)

ध्रुवमाता सुनीतिदेवी

उत्तानपादस्य नृपस्य पत्नी,
सुनीतिनाम्नी सरलस्वभावा।

दौर्भाग्यमेतन्न नृपस्य दृष्टौ,
तथा प्रिया सा सुरुचिर्यथासीत् ॥१॥

उत्तानपाद राजा की पत्नी सुनीति देवी बड़े सरल स्वभाव की थी किन्तु यह दुर्भाग्य की बात थी कि राजा की दृष्टि में वह उतनी प्रेमपात्र न थी जितनी सुरुचि नामक पत्नी थी।

ध्रुवेति नामा सरलः सुरूपः,
तस्याः सुपुत्रः सुमतिस्तथासीत्।
अङ्के स्वतातस्य यदोपवेष्टुं,
येते विमात्रा स तदापरुद्धः ॥२॥

उस सुनीति देवी का एक सरल, बुद्धिमान् ध्रुव नाम का पुत्र था। जब एक बार वह अपने पिता की गोद में बैठने लगा तो उस की सौतेली माता सुरुचि ने उसे रोक दिया और कहा कि:—

सुतोऽसि राज्ञो यदि तेन किं स्यात्,
न तेऽधिकारो नहि पुण्यभाक् त्वम्।
पुत्रो मदीयोऽस्त्यतिभाग्यशाली,
न त्वं ततोऽङ्कादपयाहि दूरम् ॥३॥

यदि तू राजा का पुत्र है तो इस से क्या होता है? (तू मेरी कोख से उत्पन्न हुआ नहीं) इसलिए तेरा इस गोद में बैठने का अधिकार नहीं क्यों कि तू पुण्यशाली नहीं। मेरा पुत्र (उत्तम) अत्यन्त भाग्यशाली है न कि तू इस लिए तू इस गोद से दूर भाग जा।

इत्थं विमात्रा ह्यतिभर्त्सितः सः,
खिन्नो विषण्णो बहुदुर्मनाः सन्।

पार्श्वे जनन्याः स समाजगाम,
जगाद सर्वं कथितं विमात्रा ॥४॥

इस प्रकार सौतेली माता द्वारा झिड़का हुआ वह बालक बहुत दुःखी और उदास हो कर अपनी माता (सुनीति) के पास आया और उसने जो कुछ विमाता सुरुचि ने कहा था सब कह सुनाया ।

उवाच माता गदितं सुरुच्या,
सर्वं यथार्थं नहि पुण्यभाक् त्वम् ।
कुक्षिप्रसूतो नहि येन तस्याः,
तथापि खिन्नो न भवेस्तु तात ॥५॥

माता सुनीति ने कहा कि सुरुचि ने जो कुछ कहा है वह सच है कि तू पुण्यशाली नहीं जिस से तू उस की कोख से पैदा नहीं हुआ, तो भी हे पुत्र ! तू दुःखी मत हो ।

पुण्याणि कर्माणि कुरुष्व वत्स,
भूरीणि नित्यं भव धार्मिकस्त्वम् ।
भूयाः सुशीलोऽखिलमित्रभूतो,
दिवानिशं प्राणिहिते रतः सन् ॥६॥

हे प्रिय पुत्र ! तू बहुत से पुण्य कार्य कर, सदा धर्मात्मा बन । उत्तम स्वभाव वाला और सब को मित्र समझने वाला और दिन रात सब प्राणियों के हित में तत्पर बन ।

इत्थं करिष्यस्यनिशं यदि त्वं,
सुखं सदा प्राप्स्यसि शाश्वतं त्वम् ।

त्वामर्चयिष्यन्ति जनास्तदानीं,
सर्वे प्रहृष्टा बहुपुण्यभाजम् ॥७॥

इस प्रकार तू यदि दिन रात करेगा तो तू नित्य सुख को प्राप्त करेगा। तब सब लोग प्रसन्न हो कर बहुत पुण्यशाली तेरी पूजा करेंगे।

आपो यथेह प्रवणं प्रयान्ति,
श्रियस्तथा वै सुकृतोऽनुयान्ति।
पुण्यार्जने तेन सदा यतस्व,
सुखप्रदं यद् विबुधा वदन्ति ॥८॥

जिस प्रकार जल नीचे के स्थान पर जाते हैं, उसी प्रकार सारी सम्पदाएं उत्तम कार्य करने वाले पुण्यात्माओं के पीछे जाती हैं—उन्हें प्राप्त होती हैं। इस लिए तू सदा पुण्य के कमाने में लग जा, जिस को बुद्धिमान् लोग सुख को देने वाला बताते हैं।

निशम्य मातुर्वचनं स ऊचे,
मातस्तथाहं सततं यतिष्ये।
सर्वोत्तमं स्थानमहं लभेय,
सर्वैर्जनैः स्यामभिपूजितोऽहम् ॥९॥

माता के वचन को सुन कर ध्रुव ने कहा कि माता जी! मैं सदा ऐसा यत्न करूंगा जिस से मुझे सर्वोत्तम स्थान प्राप्त हो और मैं सब लोगों के द्वारा पूजित बनूं।

विहाय गेहं स वनं जगाम,
तपोरतांस्तत्र मुनीन् ददर्श।

पप्रच्छ तान् मे प्रदिशन्तु मार्गं,
भवन्त आप्तः पदमुत्तमं स्याम् ॥१०॥

तब वह बालक घर छोड़ कर वन में चला गया, जहां उस ने तप करते हुए मुनियों को देखा। उस ने उन से पूछा कि आप लोग मुझे ऐसे मार्ग को बताएं जिस से मैं उत्तम पद को प्राप्त करूं।

ऊचुर्मरीचिप्रमुखास्तदैनं,
विष्णोरिहार्चा सततं विधेया।
देवेश्वरस्यैव कृपाकटाक्षात्,
अवाप्यते यत् परमं पदं तत् ॥११॥

तब मरीचि अत्रि आदि मुनियों ने उसे कहा कि विष्णु (सर्वव्यापक परमेश्वर) की पूजा निरन्तर करनी चाहिए। उस देवाधिदेव परमात्मा की कृपा कटाक्ष से परम पद की प्राप्ति होती है।

एकाग्रचित्तो भज देवनाथं,
बाह्यान् समस्तान् विषयांस्त्यज त्वम्।
जपेह युक्तः किल वेदमातरं,
गीता सदा त्रायत एव भक्तम् ॥१२॥

एकाग्रचित्त हो कर तू उस देवों के स्वामी परमेश्वर का भजन कर। बाह्य सब विषयों का त्याग कर दे। योगयुक्त हो कर वेद माता गायत्री का तू जप कर जो अच्छी प्रकार गान की हुई भक्त की सदा रक्षा करती है।

गायत्रीजपतत्परः स सुमतिं, सम्प्राप्तवान् पावनीं,
सज्ज्ञानं दुरितौघदुःखशमनं, लेभे सुनिष्ठायुतः।

भक्ति सर्वगते हरौ स च दधे, शुद्धां सदैवाचलां,
कृत्वा कर्म शुभं ध्रुवो ध्रुवपदं,
लेभे विशोकं परम् ॥१३॥

गायत्री के जप में तत्पर होकर उसने पवित्र करने वाली उत्तम बुद्धि को प्राप्त किया। उत्तम निष्ठा (लगन) से युक्त होकर उसने पाप समूह और दुःखों को शान्त करने वाले उस ज्ञान को प्राप्त किया। सर्वव्यापक परमेश्वर में उस ने अचल भक्ति को धारण किया और शुभ कार्यों को कर के उस ध्रुव ने शोक रहित परम ध्रुव पद (मोक्ष) को प्राप्त किया।

या शिक्षां प्रददौ सदा हितकरीं, पुत्राय कल्याणदां,
यां लब्ध्वैव सुतोऽध्यगच्छदमलं,
ज्ञानं सुशान्तिप्रदम्।
यस्याः प्रेरणया ध्रुवो ध्रुवसुखं, प्राप्तुं प्रयेते सदा,
तां वन्दे सुमतिं विशुद्धचरितां,
देवीं सुनीतिं मुदा ॥१४॥

जिस ने पुत्र का सदा कल्याण करने वाली हितकारिणी शिक्षा को दिया, जिसे पा कर ही उस ने उत्तम शान्ति देने वाले निर्मल ज्ञान को प्राप्त किया, जिस की प्रेरणा से ध्रुव ने ध्रुव (नित्य) सुख को प्राप्त करने का सदा प्रयत्न किया, उस उत्तम बुद्धिवाली, विशुद्ध चरित्र वाली सुनीति देवी को मैं प्रसन्नता से नमस्कार करता हूं।

—o—

आदर्शमाता सुमित्रा

[1]स्वकीयं सुतं लक्ष्मणं याऽनुगन्तुं,
वने रामभद्रं मुदैवानुजज्ञे।
स्वकीयं सुखं सा परार्थे त्यजन्ती,
सुमित्रा सुमाता न केनाभिनन्द्या ? ॥१॥

जिस ने अपने पुत्र लक्ष्मण को श्री रामचन्द्र जी के साथ वन में जाने की बड़ी प्रसन्नता से अनुमति दी, ऐसी अपने सुख का दूसरों के लिए परित्याग करने वाली उत्तम माता सुमित्रा किस के लिए अभिनन्दनीय नहीं है ?

[2]पितेवास्ति रामो मया तुल्यसीता,
अयोध्यासमं चाप्यरण्यं ह्यवेहि।
सुखेन व्रजांगेति हर्षाद्गदन्ती,
सुमित्रा सुमाता न केनाभिनन्द्या? ॥२॥

श्री राम तुम्हारे लिए पिता के तुल्य हैं, सीता जी मेरे समान हैं और वन को तुम अयोध्या के समान समझो। इस प्रकार समझ कर तुम हर्ष से वन जाओ ऐसा प्रसन्नता पूर्वक कहती हुई उत्तम माता किस के लिए अभिनन्दनीय नहीं है ?

—०—

---

१ सृष्टस्त्वं वनवासाय, स्वनुरक्तः सुहृज्जने।
रामे प्रमादं मा कार्षीः, पुत्र भ्रातरि गच्छति ॥
रामं दशरथं विद्धि, मां विद्धि जनकात्मजाम्।
अयोध्यामटवीं विद्धि, गच्छ तात यथासुखम् ॥

२ अटवीम् – अरण्यम्। वा० रा० अयो० ४०।५,६।

वीरमाता कुन्ती

वीरा धीरा सर्वघोरापदासु,
क्षात्रं भावं पूरयन्ती सुतेषु।
यस्याः पुत्राः सर्वलोकप्रसिद्धाः,
कुन्तीमाता कस्य नेहाभिनन्द्या? ॥१॥

वीरा, सब घोर आपत्तियों के आने पर धीरा, पुत्रों में क्षात्र-भाव को भरने वाली, जिस के युधिष्ठिर, भीम, अर्जुनादि सारे संसार में प्रसिद्ध पुत्र थे, ऐसी माता कुन्ती किस के लिए प्रशंसनीय नहीं ?

योऽन्यायो स्याद् दण्डनीयः सदैव,
नासौ क्षम्यः, पापवृद्धौ सहायः।
क्षात्रं धर्मं बोधयन्ती सदेत्थं,
कुन्तीमाता कस्य नेहाभिनन्द्या ॥२॥

जो अन्यायी हो उस को सदा दण्ड देना चाहिए, उस पाप की वृद्धि में सहायक को क्षमा नहीं करना चाहिए, इस क्षात्र धर्म का इस प्रकार बोध कराने वाली माता कुन्ती किस के लिए प्रशंसनीय नहीं?

यस्याः शब्दाः क्षात्रधर्मोपदेशम्,
[1]अद्याप्यस्मिल्लोक उद्बोधयन्ति।
नैवान्यायं या कदाचिद् विषेहे,
कुन्ती माता, कस्य नेहाभिनन्द्या ॥३॥

जिस के 'यदर्थं क्षत्रिया सूते कालः सोऽयमुपागतः' अर्थात् वह

---

१ यदर्थं क्षत्रिया सूते, कालः सोऽयमुपागतः।

समय आ गया है जिस के लिए क्षत्रिया पुत्र को उत्पन्न करती है। ये शब्द आज भी इस संसार में क्षात्र धर्म का उपदेश करते हैं, जिस ने अन्याय को कभी सहन नहीं किया, वह कुन्ती माता किस के लिए प्रशंसनीया नहीं ?

यस्याः स्नेहोऽति स्नुषायां[१] बभूव,
तस्याः केशाकर्षणं केशवेन।
विस्मर्तव्यं नैव संदेशमेतं,
प्रादात्कुन्ती, केन नासौ प्रशस्या ? ॥४॥

जिस का अपनी पुत्र वधू द्रौपदी पर बहुत अधिक स्नेह था और जिस ने यह सन्देश श्री कृष्ण जी को भी दिया था कि उस के बालों के खैंचे जाने की घटना को वे कौरवों से सन्धि का प्रयत्न करते हुए भूल न जाएं, वह कुन्ती माता किस के लिए प्रशंसनीय नहीं ?

युद्धस्यान्ते राजमाता प्रशस्ता,
त्यक्त्वा भोगान् लौकिकान् स्वेच्छयैव।
वानप्रस्थीं वृत्तिमाशिश्रिये या,
कुन्तीमाता कस्य नेहाभिनन्द्या ? ॥५॥

युद्ध के अन्त में जो प्रशंसनीय राज माता बन गई, तो भी सब सांसारिक भोगों का अपनी इच्छा से परित्याग करके जिस ने वानप्रस्थ वृत्ति का आश्रय लिया, वह कुन्ती माता किस के लिए प्रशंसनीया नहीं?

—०—

१ स्नुषायाम् – पुत्रवध्वां द्रौपद्याम्।

वीरवरा माता विदुला

सौवीरदेशस्य नृपस्य पत्नी,
आसीद् विपश्चिद् विदुलेतिसंज्ञा ।
[1]बहुश्रुता राजसभासु विश्रुता,
यशस्विनी वीरवरा मनस्विनी ॥१॥

सौवीर देश के राजा की पत्नी विदुला नाम की विदुषी थी जो बहुश्रुता, राजसभाओं में भी प्रसिद्धा, यशस्विनी, अत्यन्त वीरा और मनस्विनी थी ।

आसीत् सुतः संजयनामधेय-
स्तस्या हि दुर्भाग्यवशात् स भीरुः ।
उत्साहहीनो बलपौरुषाभ्यां,
विवर्जितः सोऽत्र बभूव कातरः ॥२॥

उस का संजय नाम का एक पुत्र था जो दुर्भाग्यवश बड़ा डरपोक, उत्साह से रहित और बल तथा पौरुष से हीन कायर था ।

विज्ञाय भीरुं तमतीव पामरम्,
आचक्रमे सिन्धुनृपः सुवीरः ।
तदा स भीरुस्तु विहाय देशं,
पलायितः क्वापि विषण्णचित्तः ॥३॥

उस को अत्यन्त भीरु और पामर (नीच) जान कर सिन्धु

---

१ विश्रुता राजसंसत्सु, श्रुतवाक्या मनस्विनी ।
(म० भा० ५. १३३. २)

के अत्यन्त वीर राजा ने उस पर आक्रमण कर दिया। तब वह डरपोक अपने देश को छोड़ कर और दुःखित हो कर कहीं भाग गया।

यदा जनन्यावगतं सुतो मे,
रणं विहायैव समागतोऽस्ति।
क्रुद्धा भृशं सा सुतमित्थमाह,
नेत्रेण पुत्रं बहुशो दहन्ती ॥४॥

जब उस की माता (विदुला देवी) को यह ज्ञात हुआ कि मेरा पुत्र युद्ध भूमि को छोड़ कर आ गया है, तो वह बहुत क्रुद्ध हो कर और पुत्र को मानो अपनी आंखों से बहुत प्रकार से जलाती हुई इस तरह कहने लगी।

जातः कुपुत्रोऽसि कथंगृहे मे,
न लज्जसे यद्धि पलायमानः ?
न क्षत्रिया उच्चकुलप्रसूता
भीरुत्वमित्थं भुवि दर्शयन्ति ॥५॥

तू कुपुत्र मेरे घर में कैसे पैदा हो गया है जिस को रणभूमि से भागते हुए भी शर्म नहीं आती। उच्च कुल में उत्पन्न क्षत्रिय पृथिवी पर इस प्रकार भीरुता नहीं दिखाते।

मनो दृढं त्वं कुरु पुत्रसम्यङ्,
मन्यस्व नात्मानमतीव तुच्छम्।
कल्याणयुक्तं च विधाय चित्तं,
भीतिं समस्तां परतः क्षिप त्वम् ॥६॥

हे पुत्र ! तू अपने मन को अच्छी तरह दृढ़ (मज़बूत) बना।

अपने को अत्यन्त तुच्छ मान। अपने चित्त को कल्याणमय विचारों से युक्त कर के सारे भय को तू दूर फेंक दे।

चिन्ता न जीव्या यदि भो मुहूर्तं,
सत्कीर्तियुक्तो न चिरं मुमूर्षुः।
मृदुं खरं त्वादृशमत्र काचिद्,
वीरा न माता जनयेत्कदाचित् ॥७॥

इस की मुझे कोई चिन्ता नहीं यदि तू उत्तम कीर्ति से युक्त हो कर क्षण भर भी जी, किन्तु मुर्दा सा हो कर देर तक भी जीना अच्छा नहीं। तेरे जैसे कोमल, गधे के समान पुत्र को यहां कोई माता कभी न पैदा करे।

वीर्यं स्वकीयं प्रकटीकुरु त्वं,
ध्रुवां गतिंवा रण एव गच्छ।
किं जीवसि त्वं परिहाय धर्मं,
न जीवितं तत्सफलं कदाचित् ॥८॥

तू अपने बल वीर्य को प्रकट कर और रण में ही मर कर उत्तम स्थायी गति को प्राप्त कर। अपने धर्म का परित्याग कर के तू क्या जीता है? ऐसा जीवन कभी सफल नहीं होता।

नष्टा त्वदीया सकलात्रकीर्तिः,
भोः [1]क्लीब ते यज्ञफलं प्रणष्टम्।
विच्छिन्न इत्थं किल भोगहेतौ,
त्वं किं निमित्तं सुत जीवसीह? ॥९॥

---

१ क्लीब – नपुंसकः।

यहां तेरी सारी कीर्ति नष्ट हो गई है। ऐ नपुंसक ! तेरा यश का फल भी बिल्कुल नष्ट हो गया है। इस प्रकार सुख भोग के कारण के नष्ट हो जाने पर हे पुत्र तू क्यों इस संसार में जीता है ?

जल्पन्ति वृत्तं नहि यस्य लोके,
जनाः पवित्रं न पुमान् न स स्त्री।
सत्ये सुदाने तपसीह धर्मे,
विद्यार्थलाभे न यशो यदीयम्।
गायन्ति लोके न पुमान् यथार्थः,
[1]उच्चार एवास्ति स वै जनन्याः ॥१०॥

संसार में लोग जिस के उत्तम सदाचारमय वृत्तान्त का कथन नहीं करते, न वह पुरुष है न स्त्री। सत्य, उत्तम दान, तप, धर्म, विद्या और धन की प्राप्ति, इन विषयों में जिस के यश को संसार में लोग नहीं गाते, वह वास्तव में पुरुष नहीं हैं, वह तो केवल माता का मल मूत्र है।

श्रुतेन शौर्येण सुकर्मभिर्यो,
जनानतिक्राम्यति पूरुषः सः।
तस्मात् त्वमुत्तिष्ठ धनुर्गृहीत्वा,
कुलं निमग्नं स्वयमुद्धर त्वम् ॥११॥

पुरुष वही है जो शास्त्र ज्ञान, शूरवीरता और उत्तम कर्मों से दूसरे मनुष्यों से बढ़ जाती है। इस लिए तू उठ और धनुष बाण ले कर अपने डूबते हुए कुल का स्वयं उद्धार कर।

---

१ उच्चारः — विष्ठा।

न विक्रमं दर्शयतीह लोके,
यः क्षत्रियो जीवितमीहमानः ।
[1]स्तेनं विदुस्तं विबुधाः समस्ताः,
भूया न भोः पुत्र तथाविधस्त्वम् ॥१२॥

जो क्षत्रिय अपने जीने की इच्छा करता हुआ अपने पराक्रम को नहीं दिखाता, सब बुद्धिमान् उसे चोर कहते हैं। हे पुत्र ! तू वैसा न बन।

मृता इवस्मो ननु जीवय त्वम्,
अपारदुःखाद् भव तारकस्त्वम् ।
[2]प्लवेन हीने भव नः प्लवस्त्वं,
स्थानं च भूया हि निराश्रयाणाम् ॥१३॥

हम मरे हुये के समान हैं, तू फिर से हमें जीवित कर, अपार दुःख से तू हमें तराने वाला बन। नौका से रहित नदी में तू ही हमारी नौका बन जा, निराश्रितों का तू आश्रय स्थान बन जा।

क्षात्रं स्वकर्तव्यमिहाचरंश्चेद्,
म्रियेः सुत त्वं नहि दुःखिता स्याम् ।
या दुर्विनीतेन सुतेन साकं,
रमेय [3]मोघं किल तत् प्रजाफलम् ॥१४॥

हे पुत्र ! यदि अपने क्षत्रियोचितकर्तव्य का पालन करते हुए तू मर भी जाए तो मैं दुःखित तू होऊंगी। जो माता विनयादि गुण रहित पुत्र के साथ रमण करे, उस का पुत्र फल निश्चय से व्यर्थ है।

---

१ स्तेनम् – चौरम् । २ प्लवेन – नौकया ।
३ मोघम् – व्यर्थम् ।

कर्माणि कुर्वन्ति न ये शुभानि,
कुर्वन्ति कर्माणि च निन्दितानि ।
[1]नामुत्र नैवात्र सुखं यथार्थं,
विन्दन्ति लोके पुरुषाधमास्ते ॥१५॥

जो शुभ कर्मों को नहीं करते और निन्दित कर्मों को करते हैं, वे नीच पुरुष न परलोक में और न इस लोक में वास्तविक सुख को प्राप्त करते हैं ।

उत्थेयमित्थं पुरुषेण नित्यं,
योक्तव्य आत्मोन्नतिकारिकार्ये ।
भविष्यतीत्येव मनो विधाय,
कार्यं सुकृत्यं मुदितेन नूनम् ॥१६॥

इस प्रकार पुरुष को सदा ऊपर उठना चाहिये और अपनी उन्नति के कार्यों में आत्मा को लगाना चाहिये । यह कार्य मुझ द्वारा अवश्य हो जायेगा । इस प्रकार मन को प्रसन्न बना कर निश्चय पूर्वक उत्तम कार्य करना चाहिए ।

नात्मावमन्तव्य इहास्ति जातु,
वीक्ष्याप्यसिद्धीः सुत पूर्वजाताः ।
कुर्वन्ति नोद्योगमिहालसा ये,
सिद्धिं न कांचित् खलु ते लभन्ते ॥१७॥

हे पुत्र ! पहले की असफलताओं को देख कर भी कभी मनुष्य को अपनी आत्मा का अपमान नहीं करना चाहिए, अर्थात् अपने को

---

१ अमुत्र – परलोके ।

उत्साहहीन नहीं बनाना चाहिये। जो इस लोक में आलसी बन कर उद्योग नहीं करते, वे किसी भी सिद्धि वा सफलता को प्राप्त नहीं करते।

उत्तिष्ठ तस्माद् विजयाभिलाषी,
शेष्वेह भूमौ नहि भोः प्रमत्तः।
कोषाद्यविज्ञातमहं प्रदास्ये,
यत्नं कुरुष्वाविरतं जयार्थे ॥१८॥

इस लिए तू विजय का अभिलाषी बन कर उठ और प्रमादयुक्त हो कर भूमि में न सोता रह। तू विजय प्राप्ति के लिए यत्न कर, तब मैं तुझे अविज्ञात कोष व खज़ाने को भी दे दूंगी।

आकर्ण्य मातुर्वचनं गभीरम्,
ओजः प्रपूर्णं बलवर्धकं च।
लेभे सुतो नूतनजीवितं वै,
जयं स लेभे विमलां च कीर्तिम् ॥१९॥

माता के गम्भीर ओजस्वी और बलवर्धक वचन को सुन कर पुत्र संजय ने नवजीवन प्राप्त किया, विजय लाभ किया और निर्मल कीर्ति प्राप्त की।

सौवीरराज्यं पुनरेव जित्वा,
अन्वर्थनामा स हि संजयोऽभूत्।
धन्या जनन्यो विदुलाभितुल्याः,
या वीरभावान् सततं भरेयुः ॥२०॥

सौवीर देश के राज्य को फिर से जीत कर उस ने अपने संजय इस नाम को सार्थक किया। विदुला जैसी माताएं धन्य हैं जो लगातार वीर भावों को पुत्रों में भरती रहें।

वयं नमामो विनयेन धीरां,
वीरां तथा शूरशिरोमणिं ताम्।
यत्प्रेरणाद्यापि नवीनजीवं,
मृतेषु संचारयितुं समर्था ॥२१॥

हम विनय पूर्वक उस धीरा, वीरा, शूर शिरोमणि विदुला देवी को नमस्कार करते हैं जिस की प्रेरणा आज भी मरे हुओं में नवीन जीवन का संचार करने में समर्थ है ॥

—o—

आदर्शजननी जीजी बाई

जीजीबाई शाहजी धर्मपत्नी,
आसीन्माता श्रीशिवस्यानुकृत्या।
स्वीयं बालं वीरगाथा निशाम्य,
सा तं चक्रे वीरवर्याग्रगण्यम् ॥१॥

जीजी बाई शाह जी की धर्मपत्नी महाराष्ट्रकेसरी शिवा जी की अनुकरणीय माता थी जिसने अपने बालक पुत्र को वीर गाथाएं सुना कर वीरवरों में भी अग्रगामी बना दिया था।

भोः तात त्वं धर्मरक्षां विधेहि,
दुष्टाचारान् धर्महन्तॄन् जहि त्वम्।

गोहन्तारो धर्मविद्वेषिणो ये,
शास्तारः स्युस्तद्विनाशं कुरुष्व ॥२॥

हे प्रिय पुत्र ! तू धर्म की रक्षा कर, दुष्टाचार वाले धर्म विनाशकों का नाश कर। जो धर्म के साथ द्वेष करने वाले गो घातक शासक हों उन का विनाश कर दे।

श्रीरामं त्वं श्री महावीरमेवं,
वत्स स्वीयादर्शरूपे गृहाण।
भूयाः पुत्र क्षात्रवंशावतंसो
राज्यं स्वीयं स्थापयादर्शरूपम् ॥३॥

तू श्री रामचन्द्र जी को और महावीर हनुमान् जी को अपने आदर्श रूप में ग्रहण कर। हे पुत्र ! तू क्षत्रिय वंश का भूषण बन और आदर्श राज्य की स्थापना कर।

इत्थं शिक्षां स्फूर्तिदात्रीं वितीर्य,
सा बालाय श्री शिवाजीतिनाम्ने।
चक्रे लोके सर्वलोकाभिनन्द्यं,
सद्वीराणामग्रपंक्तौ निषण्णम् ॥४॥

इस प्रकार स्फूर्तिदायक शिक्षा को अपने पुत्र बालक शिवा जी को दे कर उस ने उसे सब लोगों द्वारा अभिनन्दनीय, उत्तम वीरों की प्रथम पंक्ति में बैठने वाला बना दिया।

धन्ये मातर्जीजिबाईतिसंज्ञे,
ख्यातो वीरोवै यया सम्प्रसूतः।

मात्रादर्शं स्थापयित्वा पृथिव्यां,
कीर्तिं प्राप्ता शाश्वतीं पुत्रहेतोः ॥५॥

हे माता जीजी बाई ! तुम धन्य हो जिस ने शिवा जी जैसे सुप्रसिद्ध वीर को जन्म दिया, तुम पृथिवी में माताओं के आदर्श को स्थापित कर क सदा रहने वाली कीर्ति को प्राप्त कर गई ।

—०—

आदर्शमाता भगवतीदेवी

ईश्वरचन्द्रो विद्यासागर
इति नाम्नायःख्यातः ।
महाविपश्चिद् विधवोद्धारे,
सदा तत्परो धीमान् ॥१॥

श्री ईश्वरचन्द्र विद्यासागर नाम के जो सुप्रसिद्ध महाविद्वान्, विधवोद्धार के कार्य में सदा तत्पर बुद्धिमान् हुए हैं ।

जननी तस्यातीव मतिमतः,
गुणगणकरुणासिन्धोः ।
आसीत् कोमलहृदया सरला,
मान्यभगवती माता ॥२॥

उन अत्यन्त बुद्धिमान् और गुणसमूह तथा दया के सागर श्री ईश्वरचन्द्र विद्यासागर की मान्या माता भगवती देवी थी जो अत्यन्त कोमल हृदय वाली सरला देवी थी ।

यद्यपि नासीत्सुबहुशिक्षिता,
परमासीद् गम्भीरा ।
धर्मपरायणचित्ता साध्वी,
सती सुसरला धीरा ॥३॥

यद्यपि वह बहुत शिक्षिता न थी, तो भी वह बड़ी गम्भीर, धर्मपरायण चित्त वाली सती साध्वी अति सरला धैर्य वाली देवी थी।

शिशौ स्वकीये विमलभावनाः,
अनिशं साऽभरदित्थम् ।
येन महाविद्वान् गुणसागर
ईश्वरचन्द्रो जातः ॥४॥

अपने पुत्र में बाल्यकाल से ही उस ने दिन-रात ऐसी पवित्र भावनाओं को भरा जिसे ईश्वरचन्द्र महाविद्वान् और गुणों के समुद्र बन गये।

मातुरनुग्रहमेव स्वीयो-
न्नतेर्निदानं मेने ।
कृतज्ञतां तां प्रत्यतिगहनां,
स मुदा व्यक्तीचक्रे ॥५॥

उन्होंने माता की कृपा को ही अपनी उन्नति का कारण माना और उस के प्रति अत्यन्त गहरी कृतज्ञता को प्रसन्नतापूर्वक सदा प्रकट किया।

विद्यासागरमहितामनिशं,
मातरमनुकरणीयाम् ।

पूज्यभगवतीनाम्नीं देवीं,
मुदिता वयं नमामः ॥६॥

हम विद्यासागर द्वारा निरन्तर पूजिता, अनुकरण करने के योग्या, पूज्या भगवती नामक देवी को प्रसन्न हो कर सदा नमस्कार करते हैं।

—०—

पू० महात्म टेक चन्द्र (प० आ०) माता मान्या सभाई माई

सुशिक्षिता नापि सती सुभावान्,
पुत्रेषु भर्तुं सततं प्रयेते ।
सन्तोषवित्तेन धनान्विता सा,
श्रीटेकचन्द्रस्य महात्मनोऽम्बा ॥१॥

जो सुशिक्षिता न होती हुई भी पुत्रों के अन्दर सदा उत्तम भावों को भरने का प्रयत्न करती थी, वह सन्तोषरूपी धन से धनाढ्या श्री महात्मा टेकचन्द्र जी की माता थी।

अकिञ्चना किन्तु न धैर्यवित्तं,
जहौ कदाचिद् विषमेऽपि काले ।
देवेशमेकं सततं स्मरन्ती,
महात्मनोऽम्बा खलु वन्दनीया ॥२॥

निर्धना हो कर भी जिस ने कठिन आपत्ति के समय में भी कभी धैर्य धन का परित्याग नहीं किया, सदा जो परमेश्वर का भजन करती थीं, ऐसी महात्मा टेकचन्द्र जी (स्वा० प्रभु आश्रित जी महाराज) की पूज्य माता निश्चय से वन्दनीया है।

परिश्रमं घोरमपीह चक्रे,
न विह्वलाऽभूद् विधवा सती या।
अपाययद् भक्तिसुधां सुतान् सा,
महात्मनोऽम्बा खलु वन्दनीया ॥३॥

विधवा होने पर जिस ने घोर परिश्रम भी किया, किन्तु कभी व्याकुल न हुई, जिस ने अपने पुत्रों को भक्तिअमृत का पान कराया, वह पूज्य महात्मा टेकचन्द्र जी की महात्मा वन्दनीया है।

कुरु स्वकार्यं भज देवदेवं,
न व्याकुलो वत्स कदापि भूयाः।
भक्तेर्धनं सन्ततमर्जय त्वं,
सुबोधयन्ती जननी हि वन्द्या ॥४॥

हे पुत्र ! अपने कर्तव्य कर्म को कर, परमेश्वर का भजन कर, कभी व्याकुल न हो, भक्ति के धन को लगातार कमा, इस प्रकार अच्छे उपदेश देने वाली माता निश्चय से वन्दनीया है।

जपं हि चक्रे किल वेदमातुः,
पुत्राय भक्तयाशिष इद् ददौ या।
प्रभ्वाश्रितेत्याख्यजगद्धितैषि-
महात्मनोऽम्बा सकलाभिनन्द्या ॥५॥

जिस ने वेद माता गायत्री का निश्चय से जप किया, पुत्र को तेरी भक्ति बढ़े इस प्रकार का ही आशीर्वाद दिया, प्रभु आश्रित जी नामक जगत् के हितचिन्तक महात्मा जी की माता जी सब के लिए प्रशंसनीया हैं।

तपो हि यस्या फलदं बभूव,
प्रासूत पुत्रं सुतपोनिधिं सा ।
महात्मवर्यस्य सुमातरं तां,
नमामि भक्तां सरलस्वभावाम् ॥६॥

जिस का तप फलदायक हुआ, जिस ने उत्तम तप की निधि व खजाने पुत्र को उत्पन्न किया, उस वर्तमान महात्माओं में श्रेष्ठ स्वा. प्रभु आश्रित जी (जन्मनाम टेकचन्द्र जी) की ईश्वरभक्ता सरल स्वभाव वाली उत्तम माता जी को मैं नमस्कार करता हूं ।

नमामि वन्द्यां हि सभाइमाईं,
यया प्रसूतः शुभभक्तिवित्तः ।
वन्द्यो महात्मा भुवनोपकर्ता,
सन्तारकः शोकमहार्णवाद् यः ॥७॥

जिस ने शुभ भक्ति रूप धन से धनाढ्य, संसार के उपकार कर्ता, शोक रूप महासमुद्र से तराने वाले महात्मा प्रभु आश्रित जी को उत्पन्न किया, ऐसी वन्दनीया माता सभाई माई जी को भक्ति-पूर्वक नमस्कार करता हूं ।

—०—

दिवंगता माता रूपवती देवी

मातः पवित्रौ चरणौ नमामि,
वन्द्यासि नित्यं परमेशभक्ता ।
वात्सल्यमद्यापि तव स्मरामि,
यन्नास्ति लभ्यं धरणीतलेऽस्मिन् ॥१॥

पूज्या माता जी ! मैं आप के पवित्र चरणों को प्रणाम करता हूं । आप परमेश्वर की भक्ता सदा वन्दनीया हैं । आप के प्रेम को जो

इस पृथिवी में और कहीं भी प्राप्त नहीं हो सकता, मैं आज भी याद करता हूं ।

त्वं धार्मिकी धर्मविशुद्धभावान्,
सुतेषु नित्यं भरितुं तथैच्छः ।
त्यागश्च मोहस्य तवाभिनन्द्यो
गुरोः कुले द्वौ स्वसुतौ व्यसर्जयः ।।२।।

आप धार्मिक हो कर पुत्रों के अन्दर धर्म के विशुद्ध भावों को भरने की सदा इच्छा करती थीं । आप का मोह का यह त्याग प्रशंसनीय है कि आप ने अपने दो पुत्रों (धर्मदेव तथा धर्मवीर) को चिरकाल के लिए गुरुकुल में भेज दिया ।

यदापि सम्भावयितुं त्वमायाः,
स्वादूनि वस्तूनि सुपौष्टिकानि ।
निर्माय हस्तेन सदाददस्त्वं,
विस्मर्तुमेतन्नहि जातु शक्यम् ।।३।।

आप जब कभी मिलने को आती थीं तो स्वादु अत्यन्त पौष्टिक वस्तुओं को अपने हाथ से बना कर हमें देती थीं, इस बात को मैं कभी भूल नहीं सकता ।

यदा प्रवासाद्विनिवृत्त आगां,
मातः सुवन्द्ये तव दर्शनार्थी ।
सुगद्गदा त्वं ह्यभवः प्रहृष्टा,
स्नेहाकुला वाष्पपरिप्लुताक्षी ।।४।।

जब कभी मैं प्रवास से हे पूज्य मातः ! आप के दर्शनों के लिए आता था तो आप अत्यन्त गद्-गद प्रसन्न, स्नेह से व्याकुल हो जाती थीं और आप की आंखों से हर्ष से अश्रुधारा निकल पड़ती थी ।

भक्ष्याण्यनेकानि सुपुष्टिदानि,
निर्माय मह्यं व्यतरो मुदा त्वम् ।
गीतानि भक्तेः परमेश्वरस्य,
अश्रावयो मां च तथाऽगदस्त्वम् ।।५।।

तब अनेक प्रकार के उत्तम पुष्टिदायक खाद्य पदार्थ बना कर आप प्रसन्नता से मुझे देती थीं और परमेश्वर की भक्ति के गीतों को सुनातीं तथा मुझे सुनाने को कहती थीं ।

त्वदीयवात्सल्यमयं स्वभावं,
कारुण्यपूराप्लुतमार्द्रचित्तम् ।
स्मरामि मातुर्मुदितो यदाहं,
वन्दे तदा त्वां विनयेन नम्रः ।।६।।

आप के प्रेममय स्वभाव और दयार्द्र चित्त का पूज्य माता जी! मैं जब प्रसन्न हो कर स्मरण करता हूं, तो विनय पूर्वक नम्र हो कर आप को प्रणाम करता हूं ।

या कापि भक्तिर्मयि विद्यतेऽद्य,
सुभावना याम्ब च धर्ममूला ।
यशश्च लब्धं यदपीह लोके,
तव प्रसादात्सकलं हि मन्ये ।।७।।

पूज्य मातः ! आज मेरे अन्दर जो कुछ भक्ति है, जो धर्ममूलक उत्तम भावना है और इस लोक में जो कुछ यश मैंने प्राप्त किया है, मैं उस सब को आप की कृपा से प्राप्त किया हुआ मानता हूं ।

वात्सल्यमूर्ति सरलस्वभावां,
सदा स्वकर्तव्यपरायणां त्वाम् ।

मातर्विनीतः प्रणमामि नित्यं,
पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ।।८।।

पूज्य माता जी ! वात्सल्य (प्रेम) मूर्ति सरल स्वभाव वाली, सदा अपने कर्तव्य का पालन करने वाली आप को मैं बार-बार विनीत भाव से प्रणाम करता हूं ।

तवोपकारा अमिता हि मातः,
आनृण्यमाप्तुं नहि जातु शक्यम् ।
कार्तज्ञ्यभावेन विनीतपुत्रः,
श्रद्धांजलिं ते प्रददाति नम्रः ।।९।।

पूज्य माता जी ! आप के उपकार अपरिमित हैं । मैं कभी उन से उऋण नहीं हो सकता । कृतज्ञता के भाव से मैं विनीत पुत्र आप को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं ।

वर्षाण्यतीतानि दिवंगतायाः,
बहूनि जाने नहि कुत्र मातः ।
यत्रापि कुत्रापि विराजसे त्वं,
प्रसीद देह्याशिषएव शुभ्राः ।।१०।।

आप का स्वर्गवास हुए बहुत वर्ष (३३ के लगभग) व्यतीत हो चुके हैं इस लिये मैं नहीं जानता कि आप अब कहां हैं ? आप जहां कहीं भी विराजमान हों, मुझे अपने शुद्ध आशीर्वाद देने की कृपा करें।

निधनतिथि: १२-८-१९२९ ई०

विनीतपुत्रः
धर्मदेवः

इति महिलामणिकीर्तने आदर्शमातृवर्गनिरूपणं नाम द्वितीयं काण्डम् ।

तृतीयं काण्डम्

विख्यातविदुषीवर्गः

वेदमूर्तिर्वेदवती (कमलाशा)

कुशध्वजर्षेरतियोग्यपुत्री,
वेदादिसच्छास्त्रविदग्रगण्या ।

तेपे तपो दुश्चरमत्र निर्भीः,
स्तुमो वयं वेदवतीं प्रशान्ताम् ॥१॥

ऋषि कुशध्वज की सुयोग्या पुत्री कमलाशा ने जो वेदादि सत्यशास्त्रों के जानने वालों में अग्रगण्या (उत्तमा) थी, निर्भया हो कर इस संसार में कठोर तप किया, उस अत्यन्त शान्ता वेदवती की हम स्तुति करते हैं।

न केवलं या श्रुतितत्त्वविज्ञा,
[1]जिह्वाग्र आसन् श्रुतयस्तु यस्याः ।
तेनैव या वेदवतीति संज्ञां,
लेभे नमामो विदुषीमणिं ताम् ॥२॥

जो न केवल वेद का तत्व जानने वाली थी, वल्कि जिस को सब वेद कण्ठस्थ थे और इस लिए जिस का वेदवती यह नाम प्रसिद्ध हो गया, ऐसी विदुषी मणि को हम नमस्कार करते हैं।

रूपेण यस्याः सुमनोहरेण,
मुग्धेन लङ्कापतिना सकामम् ।
स्पृष्टा जहौ योगबलेन देहं,
शापं ददौ सान्वयनाशरूपम् ॥३॥

जिस के अत्यन्त मनोहर रूप पर मुग्ध हो कर लंकापति रावण ने उस का जब स्पर्श किया, तो जिस ने उसे सपरिवार नष्ट होने का शाप दिया और आप योग वल से देह का परित्याग कर दिया।

---

१ मूर्तिमन्तश्च सततं, वेदाश्चत्वार एव हि ।
सन्ति यस्यास्तु जिह्वाग्रे, तेन वेदवती स्मृता ॥
(ब्रह्मवैवर्तपुराणे प्रकृतिखण्डे, १४.६५ ।)

१वैदेहिरूपेण पुनः प्रसूतां,
गुणाम्बुधिं सर्वविकारशून्याम् ।
ख्यातां समस्ते भुवनेऽभिजातां,
तां २विश्रुतां वेदवतीं नमामः ।।४।।

जिस ने अगले जन्म में सीता देवी के रूप में जन्म लिया, उस गुणों की समुद्र, सब विकारों से रहिता सारे जगत् में प्रसिद्धा कुलीना प्रख्याता वेदवती को हम नमस्कार करते हैं ।

—०—

ब्रह्मवादिन्य ऋषिकाः

घोषा गोधाविश्ववारा, अपालोपनिषन्निषत् ।
ब्रह्म जाया जुहूर्नाम, अगस्त्यस्य स्वसादितिः ।।८४।।
इन्द्राणी चेन्द्रमाता च, सरमा रोमशोर्वशी ।
लोपामुद्रा च नद्यश्च, यमी नारी च शश्वती ।।८५।।
श्रीर्लक्ष्मीः सार्पराज्ञी वाक्, श्रद्धा मेधा च दक्षिणा ।
रात्री सूर्या च सावित्री, ब्रह्मवादिन्य ईरिताः ।।
(शौनककृताया बृहद्देवतायाः २४तमे अध्याये)

"तत्र ब्रह्मवादिनीनामुपनयनम् अग्नीन्धनं वेदाध्ययनं स्वगृहे च भिक्षा चर्येति ।"

हारीतधर्म सूत्रे २१।२४

---

१ वा० रा० ७. १७ द्रष्टव्यम् । २ विश्रुताम् – प्रसिद्धाम् ।

पुराकाले कुमारीणां, मौञ्जीबन्धनमिष्यते।
अध्यापनं च वेदानां, सावित्रीवाचनं तथा॥

इति यमवचनं मिश्रविरचिते वीरमित्रोदये निर्णयसिन्धौ – अन्यत्र च बहुत्रोद्धृतम् ।

(एतद्विषये शास्त्रीयप्रमाणसंग्रहो लेखकरचिते 'स्त्रियों का वेदाध्ययन और वैदिक कर्मकाण्ड में अधिकार' इति संज्ञे पुस्तके द्रष्टव्यो जिज्ञासुभिः)

गोधा, घोषा, विश्ववारा, अपाला, उपनिषत्, निषत्, ब्रह्मजाया जुहू, अगस्त्य भगिनी अदिति, इन्द्राणी, इन्द्र माता, सरमा, रोमशा, उर्वशी, लोपामुद्रा, यमी, नारी शाश्वती, श्री, लक्ष्मी, सार्पराज्ञी, वाक्, श्रद्धा, मेधा, दक्षिणा, रात्री, सूर्या सावित्री इत्यादि ये ब्रह्मवादिनी देवियां हैं।

इमा विदुष्यः किल वेदतत्त्वं,
विज्ञाय तद्बोधनहेतुनर्षिकाः[1] ।
ख्याता धरित्र्यां महिलामणीस्ताः,
भक्त्या नमामः परिपूतचित्ताः ॥१॥

इन विदुषियों ने निश्चय मे वेद के तत्त्वों को जान कर उन का उपदेश करने के कारण ऋषिका के नाम से पृथिवी में ख्याति प्राप्त की ऐसी पवित्र चित्त वाली महिलामणियों को हम भक्ति से नमस्कार करते हैं।

---

१ **ऋषिकाः – मन्त्र द्रष्ट्र्यः ऋषिर्दर्शनात् – ऋषयो मन्त्र द्रष्टारस्तद्वत् स्त्रियः —ऋषिकाः ।**

सद्ब्रह्मचर्यव्रतमाचरन्त्य-
स्तासामनेका भुवि जीवितान्तम् ।
तेपुस्तपो दारुणमप्रधृष्यं,
विहाय सर्वा अपि लौकिकेच्छाः ॥२॥

उन में से बहुतों ने जीवन के अन्त तक उत्तम ब्रह्मचर्य के व्रत का आचरण करते हुए लौकिक समस्त इच्छाओं का परित्याग कर के कठोर, अदम्य तप किया ।

तासां चरित्रं विमलं पवित्रम्,
अघौघविध्वंसनमत्र चित्रम् ।
आसीत्समस्तं खलु शुद्धसत्रं,[१]
तद्वर्णने कोऽपि कविर्न शक्तः ॥३॥

उन का चरित्र निर्मल, पवित्र, पाप समूह का नाशक, अद्भुत, सम्पूर्ण शुद्ध यज्ञ रूप था । उस के वर्णन करने में कौन कवि समर्थ हो सकता है ?

विद्याप्रचारे तमसो निवारे,
धर्मप्रसारे ह्यनृतापहारे ।
आसन् प्रसक्ता महिलासुधारे,
सद्ब्रह्मवादिन्य इमाः सुमान्याः ॥४॥

विद्या के प्रचार में, अन्धकार के निवारण में, धर्म के प्रसार में, असत्य के निराकरण में और महिलाओं के सुधार में ये अत्यन्त मान्या उत्तम ब्रह्मवादिनियां तत्पर थीं ।

---

१ सत्रम् – यज्ञः ।

स्वकीयसौख्यस्य विहाय चिन्तां,
रात्रिन्दिवं सर्वजनोपकारे ।
एता निमग्ना नहि कस्य वन्द्या
भक्त्या नमामो महिलामणीस्ताः ॥५॥

अपने सुख की चिन्ता छोड़ कर दिन-रात सब लोगों के उपकार में तत्पर ये महिलारत्न किस के लिए वन्दनीय नहीं ? हम इन्हें भक्ति से नमस्कार करते हैं ।

—०—

ब्रह्मवादिनी सुलभा

सुलभा विदुषी प्रधानपुत्री,
श्रुतिशास्त्रेषु विचक्षणाद्भुताभूत् ।
युवतिर्गुणरत्नसिन्धुभूता,
वपुषो मनसश्च शुद्धशक्तिपूर्णा ॥१॥

राजा प्रधान की विदुषी पुत्री सुलभा वेद शास्त्रों में अद्भुत पण्डिता थी । वह युवती गुणरत्नों की समुद्र और शरीर तथा मन की शुद्ध शांति से परिपूर्ण थी ।

जनकः प्रथितः प्रधानसंज्ञः,
सुभटेषु बुधेषु च प्रधानः ।
अनुरूपवरेण साधु तस्याः,
सम्बन्धं कर्तुमिहायतिष्ट धीमान् ॥२॥

उस का पिता प्रधान बुद्धिमानों और शूरवीरों में अत्यन्त प्रसिद्ध था और वह बुद्धिमान् अनुरूप वर के साथ उस का सम्बन्ध अच्छी तरह करना चाहता था ।

दौर्भाग्यमेतन्नहि सानुरूपं,
वरं प्रपेदे स्वगुणानुकूलम् ।
यत्ने न साफल्यमवापि तेन,
यतोऽस्य पुत्री सुगुणाकरासीत् ॥३॥

यह दुर्भाग्य की बात है कि उसे अपनी कन्या के अनुकूल वर प्राप्त करने में सफलता न मिल सकी क्यों कि उस की पुत्री उत्तम गुणों की खान थी ।

प्रतीक्ष्य पर्याप्तमनेहसं सा,
निर्धारयामास सुनैष्ठिकं व्रतम् ।
ग्रहीतुमायुः सफलं विधातुं,
सद्ब्रह्मविज्ञानविवेचनादौ ॥४॥

पर्याप्त समय तक प्रतीक्षा कर के सुलभा ने उत्तम नैष्ठिक ब्रह्मचर्य व्रत को धारण करने और ब्रह्म के ज्ञान और उस के विवेचन में अपने जीवन को सफल बनाने का निश्चय किया ।

आदाय दीक्षां परिपूतचित्ता,
तेपे तपः सा रहसि प्रशान्ता ।
आसीत्प्रसिद्धो जनको विदेहः,
तद्दर्शनार्थं च समाजगाम ॥५॥

उस पवित्र चित्ता देवी ने दीक्षा ले कर प्रशान्त हो कर एकान्त में तपस्या की । तब विदेह जनक महाराज प्रसिद्ध थे उन के दर्शनों के लिए वह आई ।

चक्रे सुशास्त्रार्थमियं हि तेन,
राज्ञा परब्रह्मविदां वरेण ।
अस्याः सुयोग्यात्वमतीव हृद्यं,
विज्ञायते तेन बुधैः समस्तैः ॥६॥

उस ब्रह्मज्ञानियों में श्रेष्ठ राजा जनक के साथ सुलभा ने उत्तम रीति से शास्त्रार्थ किया । इस से सब बुद्धिमान् उस की उच्च कोटि की योग्यता को जान सकते हैं ।

संन्यासिनी सा जनकस्य सङ्गाद्
बुद्ध्वाति सूक्ष्मान् विषयाननेकान् ।
सद्योगिनी शान्तमनास्तपस्विनी,
चचार भूमौ विभया विशङ्का ॥७॥

वह संन्यासिनी, जनक विदेह की संगति से अनेक सूक्ष्म विषयों का ज्ञान प्राप्त कर के उत्तम योगिनी शान्त चित्ता तपस्विनी के रूप में भय शंका रहित हो कर पृथिवी में विचरण करती रही ।

आसीत्तदीया सुलभा प्रणाली,
ययाति सूक्ष्मं भुवि दुर्लभंपदम् ।
अबोधयद्योगबलेनसम्यग्,
जनान् मुमुक्षूनिह तारयन्ती ॥८॥

उस की प्रवचनादि की शैली बड़ी सुलभा थी जिस से अति सूक्ष्म दुर्लभ ब्रह्मपद को भी अपने योग बल से वह सुगमता से समझा देती और इस प्रकार मुमुक्षुओं को संसार सागर से तरा देती थी।

तस्माद् विनम्राः सुलभां नमामो,
यत्तुल्यदेव्यः सुलभा न लोके।
कुशाग्रबुद्धि परमेऽव्यये पदे,
सदा स्वमात्मानमिहार्पयन्तीम् ॥९॥

इस लिए हम विनम्र हो कर उस कुशाग्र बुद्धि, परमोत्कृष्ट अविनाशी पद में अपने आत्मा को समर्पित करने वाली सुलभा देवी को नमस्कार करते हैं, जिस के तुल्य देवियां इस संसार में सुलभा नहीं किन्तु अत्यन्त विरली हैं।

देव्यो विदुष्यः सुलभासदृश्यो
यया प्रसूताः शतशो गुणाढ्याः।
वन्दामहेऽतीव विनीतचित्ता-
स्तां सौख्यदां भारतमातरं वयम् ॥१०॥

जिस सुखदायिनी भारत माता ने गुणरूप धन से धनाढ्य सुलभा जैसी सैकड़ों विदुषी देवियों को जन्म दिया, उस की अत्यन्त विनीत चित्त हो कर हम वन्दना करते हैं॥

—०—

महापण्डिता गार्गी

वाचक्नवी सद्व्रतधारिणी या,
गार्गीति नाम्ना भुवने प्रसिद्धा।

तस्याः सुकीर्ति मुनयः समस्ताः,
गायन्ति तज्ज्ञानविमोहितान्तराः ॥१॥

वाचक्नु ऋषि की पुत्री उत्तम व्रत को धारण करने वाली गार्गी के नाम से जो संसार में प्रसिद्ध है, उस की उत्तम कीर्ति को उस के उत्तम ज्ञान पर मुग्ध हो कर सब मुनि गाते हैं ।

उग्रं तपः सा तु चचार भूमौ,
सद्ब्रह्मचर्यव्रतमाचरन्ती ।
आजीवनं तन्न विलोपयन्ती,
वन्द्या समेषामपि मानवानाम् ॥२॥

उस ने भूमि में उत्तम ब्रह्मचर्य के आजीवन व्रत का आचरण करते हुए उग्र तप किया और कभी उस का लोप नहीं किया । इस कारण वह सब मनुष्यों के लिए वन्दनीय है ।

योगी स राजा जनको विदेहः,
आसीद्धि यो ब्रह्मविदां वरिष्ठः ।
आयोजयामास सुयज्ञमेकं,
यस्मिन् समस्ता विबुधाः समेताः ॥३॥

ब्रह्मज्ञानियों में श्रेष्ठ योगी राजा जनक था, जिसे उच्च यौगिक अवस्था के कारण विदेह के नाम से कहा जाता था । उस ने एक उत्तम यज्ञ का आयोजन किया जिस में सब बुद्धिमान् एकत्र हुए ।

यो मानवो ब्रह्मविदां वरिष्ठ-
स्तं सत्करिष्यामि मुदा सभायाम् ।

गवां सहस्रं विबुधाय दास्ये,
जुघोष राजा जनको जितात्मा ॥४॥

जो ब्रह्मज्ञानियों में श्रेष्ठ मनुष्य होगा, उस का मैं सभा में प्रसन्नता-पूर्वक सत्कार करूंगा। उस बुद्धिमान् को मैं सहस्र गौएं दान करूंगा, यह संयमी राजा जनक ने घोषणा की।

अध्यात्मचर्चा सततं प्रवृत्ता,
किं ब्रह्म किं चास्ति हि तत्स्वरूपम्।
एतत्प्रकारान् विषयान् सुगूढान्,
आलोच्य वक्तुं विबुधाः प्रवृत्ताः ॥५॥

वहां निरन्तर अध्यात्म चर्चा होने लगी। ब्रह्म क्या है? उस का क्या स्वरूप है? इस प्रकार के अत्यन्त गूढ़ विषयों पर विचार कर के अपने विचार प्रकट करने के लिए लोग प्रवृत्त हुए।

श्री याज्ञवल्क्यः परिषत्समक्षं,
शिष्यं स्वकीयं समुवाच योग्यम्।
गा आश्रमे त्वं नय वत्स तूर्णं,
लाभान्विता येन हि वर्णिनः स्युः ॥६॥

ऋषि याज्ञवल्क्य ने उस सभा के सम्मुख अपने एक योग्य शिष्य को कहा कि हे प्रिय! तुम इन गौओं को शीघ्र आश्रम में ले जाओ, जिस से विद्यार्थी लाभ उठायें।

तदा तु केचित्परिषत्सदस्याः,
प्रश्नानपृच्छन् क्षुभिता अतीव।

होताश्वलो यो जनकस्य भुज्युः,
उषस्त चाक्रायण आर्तभागः ॥७॥

तव उस सभा के कुछ सदस्यों ने जिन में होता आश्वल, भुज्यु, उषस्तचाक्रायण और आर्तभाग आदि मुख्य थे, क्षुब्ध हो कर कई प्रश्न पूछे।

प्रश्नान् समाधत्त स याज्ञवल्क्यः,
साक्षात्परं ब्रह्म किमेवमाद्यान्।
इत्थं समस्तेषु पराजितेषु,
पप्रच्छ गार्गी विबुधां वरिष्ठा ॥८॥

मुनिवर याज्ञवल्क्य ने परब्रह्म क्या है? इत्यादि प्रश्नों का समाधान किया। इस प्रकार सब के पराजित होने पर महाविदुषी गार्गी ने प्रश्न पूछा।

ओतं च, प्रोतं च समस्तमेतत्,
कस्मिन् मनीषिन् वद मे यथार्थम्।
अस्योत्तरं किञ्चिदिवेह दत्वा,
महाविदुष्या पुनरेव पृष्टः ॥९॥

हे बुद्धिमान् मुनिवर! आप मुझे यह बताइये कि यह समस्त जगत् किस में ओत-प्रोत है। उस का याज्ञवल्क्य ने कुछ उत्तर दिया, जिस पर वहां विदुषी गार्गी ने फिर प्रश्न पूछा।

न प्रश्नजातं कुरु गार्गि भूयो
मूर्धा न ते क्वापि पतेत्पृथिव्याम्।

इत्यादिरूपेण यथा कथंचिद्,
मुनिः समाधातुमिह प्रयेते ॥१०॥

हे गार्गि ! अधिक प्रश्न न पूछो कहीं ऐसा न हो कि तुम्हारा मस्तक गिर पड़े। इस गूढ़ विषय में अधिक प्रश्न न पूछने चाहियें। इस प्रकार मुनि याज्ञवल्क्य ने किसी प्रकार समाधान करने का प्रयत्न किया।

न तत्समाधानमतीव चारु,
नह्युत्तरं तोषकरं तदासीत्।
तथापि तूष्णीमभवत्सुसभ्या,
मानं महद्भ्यः परि दर्शयन्ती ॥११॥

यद्यपि वह समाधान उत्तम न था और वह उत्तर संतोषजनक न था, तथापि वह सुसभ्या गार्गी बड़ों के प्रति आदर का भाव दिखाती हुई कुछ समय के लिए चुप हो गई।

विश्रम्य किञ्चित्पुनरेव देवी,
समुत्थिता प्रष्टुमतीव गूढम्।
उवाच चेत्थं किल पारिषद्यान्,
स्वात्माभिमानेन युता मनस्विनी ॥१२॥

कुछ विश्राम कर के वह देवी फिर एक अति गूढ़ प्रश्न करने के लिए उठी। उस सच्ची स्वाभिमान युक्ता मनस्विनी देवी ने सब सभा में उपस्थित नर-नारियों को सम्बोधन कर के इस प्रकार कहा।

प्रश्नौ करिष्यामि बुधा बुधेन्द्रं,
तदुत्तरं चेदयमद्य दद्यात्।

युष्मासु कश्चिन्नहि तं विजेतुं,
मुनिप्रकाण्डं प्रभविष्यतीति ॥१३॥

हे बुद्धिमानो ! मैं इस बुद्धिमानों में श्रेष्ठ मुनिवर से दो प्रश्न करूंगी । यदि इन प्रश्नों का यह सन्तोषजनक उत्तर दे दें तो इस मुनि श्रेष्ठ को तुम में से कोई भी जीतने में समर्थ न हो सकेगा ।

भूतं भविष्यद् यदु वर्तमानं,
दिवो यदूर्ध्वं यदधश्च लोके ।
कस्मिंस्तदोतं निखिलं समोतं,
मुने यथार्थं वद सत्यवादिन् ॥१४॥

हे सत्यवादी मुनिवर ! यह ठीक-ठीक बताइये जो कुछ भूत, भविष्य, वर्तमान है, जो द्युलोक से ऊपर और नीचे विद्यमान है, यह सब किस में ओत-प्रोत है ?

ओतं तदाकाश इदं जगाद,
स याज्ञवल्क्यो मुनिराड् यदैव ।
कस्मिन्नभः प्रोतमिदं तदा सा,
पप्रच्छ देवी भुवि शान्तिमूर्तिः ॥१५॥

जब मुनिराज याज्ञवल्क्य ने यह कहा कि यह सब कुछ आकाश में ओत-प्रोत है, तब उस शान्तिमूर्ति देवी ने पूछा कि आकाश किस में ओत-प्रोत है ।

नभः समस्तं भुवनं च देवे,
ह्योतं परिप्रोतमिदं प्रपूर्णे ।

यदक्षरं सर्वगतं निराकृति,
अपाणिपादं रसगन्धवर्जितम् ॥१६॥

यह सब आकाश और संसार सर्वथा पूर्ण अविनाशी ब्रह्म में ओत-प्रोत है, जो सर्वव्यापक, निराकार, हस्तपादादि अवयव-रहित और रसगन्धादि विषय रहित है।

तदक्षरं शास्ति समस्तलोकं,
द्यावापृथिव्यौ तदिमे बिभर्ति।
नियामकं तज्जगतोऽखिलस्य,
तद् ध्यायते ब्रह्म बुधैर्महद्भिः ॥१७॥

वह अविनाशी ब्रह्म सब लोकों का शासन करता है, वह इन द्युलोक और पृथिवी लोक को धारण करता है, वह समस्त जगत् का नियन्ता है और महान् बुद्धिमान् उसी ब्रह्म का ध्यान करते हैं।

यः प्रैति लोकाद् विषयेषु सक्तो,
ज्ञानादृते तस्य महेश्वरस्य।
शोच्या दशेयं कृपणस्य तस्य,
न ब्राह्मणः सोऽत्रभवेत्कदाचित् ॥१८॥

जो विषयों में आसक्त हो कर उस परमेश्वर के ज्ञान के बिना इस लोक से प्रयाण करता है, उस कृपण की दशा अत्यन्त शोचनीय होती है। वह कभी ब्राह्मण नहीं कहला सकता।

तदक्षरं वेद जनो यथार्थं,
यो ब्राह्मणः सोऽभिहितो महात्मा।

[1]तद् ब्रह्म यो वेत्ति तथा ह्यधीते,
वेदं स हि ब्राह्मणशब्दवाच्यः ॥१६॥

जो उस अविनाशी परमेश्वर को यथार्थतया (ठीक-ठीक) जानता है, उसे ही महात्मा ब्राह्मण कहा गया है। जो ब्रह्म पद वाच्य उस परमात्मा को जानता और वेद का अध्ययन करता है, उसी को ब्राह्मण कहते हैं।

निशम्य गार्गी नियतेन चेतसा,
शान्ता नितान्तं मुदिता बभूव।
उवाच सर्वान् बुधपारिषद्यान्,
नमस्यतैनं विदुषां वरेण्यम् ॥२०॥

मुनिवर याज्ञवल्क्य के इन वचनों को एकाग्र चित्त से श्रवण कर के गार्गी शान्त और अत्यन्त प्रसन्न हो गई। उस ने सब बुद्धिमान् सभ्यों को कहा कि इस विद्वानों में श्रेष्ठ को तुम नमस्कार करो।

न जातु युष्मासु कदापि कश्चित्,
एनं विजेतुं भुवि शक्ष्यतीह।
महान् विपश्चित् सकलाभिनन्द्यः,
वन्द्योऽस्ति योगी मुनियाज्ञवल्क्यः ॥२१॥

तुम में से कोई कभी इस को हराने में समर्थ न हो सकेगा। यह योगी मुनि याज्ञवल्क्य सब के लिए प्रशंसनीय और वन्दनीय है।

इत्थं नितान्तं सरलं चरित्रं,
गार्ग्याः पवित्रं विमलं प्रतीयते।

---

१ ब्राह्मणः– ब्रह्म (वेदम्) अधीते तद्व वेदवा 'तदधीते तद्वेद' (अष्टा०) इत्यण्।

वैदुष्यमस्याश्च मनस्विता च,
तथा गुणग्राहकता विभीकता ॥२२॥
विनम्रता चापि सुसभ्यताद्याः,
शालीनता ह्यद्भुतवाग्मिता च ।
एते गुणा ये विरलाः सुदुर्लभा-
स्तेषां निधानं ध्रुवमास गार्गी ॥२३॥

इस प्रकार गार्गी का चरित्र अत्यन्त सरल पवित्र और सर्वथा निर्मल प्रतीत होता है । इस से उस देवी की विद्वत्ता, मनस्विता, गुण-ग्राहकता, निर्भयता, नम्रता, सुसभ्यता, लज्जाशीलता अद्भुत वक्तृत्व शक्ति ज्ञात होती है । ये गुण जो संसार में विरले और दुर्लभ हैं, गार्गी देवी उन का उत्तमता से खज़ाना थी ।

विद्याप्रसारे सततं प्रसक्तां,
धर्मे श्रुतिप्रोक्त इहानुरक्ताम् ।
लोकस्य कामेषु सदा विरक्तां,
गार्गीति नाम्नीं सुमतिं नमामः ॥२४॥

(बृहदारण्यकोपनिषदाधारेण संकलिवृतत्तमवलम्ब्य)

विद्या के प्रसार में निरन्तर तत्परा, वेदोक्त धर्म में प्रीति-युक्ता, सांसारिक कामनाओं से विरक्ता गार्गी नाम वाली उत्तम बुद्धि-मती देवी को हम नमस्कार करते हैं ।

(बृहदारण्यक उपनिषत् के आधार पर संकलित वृत्तान्त)

—०—

ब्रह्मवादिनी मैत्रेयी

श्रीयाज्ञवल्क्यमुनिराट् प्रथितः पृथिव्यां,
कर्ता हि यः शतपथस्य सुविश्रुतस्य ।
मैत्रेयिनाममहिता महिलापि तस्य,
या ब्रह्मवादिनिगणे प्रथिता बभूव ।।१।।

सुप्रसिद्ध शतपथ ब्रह्मण के कर्ता मुनिराज याज्ञवल्क्य जी पृथिवी में बड़े प्रसिद्ध थे। उन की धर्मपत्नी का नाम मैत्रेयी था, जो ब्रह्मवादिनियों के समूह में बहुत प्रसिद्ध हो गई।

वेदादिशास्त्रमखिलं समधीत्य सम्यग्,
व्याख्यां विधाय यजुषो विदुषां मनोज्ञाम् ।
वैराग्यभावपरिपूर्णमना मनीषी,
संन्यासमाश्रयितुमेव मनश्चकार ।।२।।

वेदादि शास्त्रों का अच्छी प्रकार अध्ययन कर के और विद्वानों को अत्यन्त प्रिय यजुर्वेद की व्याख्या कर के वैराग्य के भावों से परिपूर्ण मन वाले उन बुद्धिमान् याज्ञवल्क्य ने संन्यासाश्रम में प्रवेश करने का संकल्प किया।

प्रोवाच सोऽथदयितां गुणभूषितां तां,
भद्रे परिव्रजनमद्य मुदा करिष्ये ।
यत्किञ्चिदस्ति सविधे द्रविणं मदीयं,
गृह्णातु तद् गुणवती भवती मुदाति ।।३।।

तब उन्होंने गुणों से भूषित अपनी उस प्रिय पत्नी को सम्बोधन

करते हुए कहा हे भद्रे ! आज मैं संन्यासाश्रम में प्रसन्नता से प्रवेश करूंगा। मेरे पास जो कुछ धन है, आप जो बड़ी गुणवती देवी हैं, उसे बड़े हर्ष से ग्रहण करें।

वित्तेन पूर्णभरिता पृथिवी यदि स्यात्,
तेनामृतत्वमपि किं भगवन् लभेय।
पप्रच्छ सा सुविदुषी पतिमप्रमेयं
प्रोवाच सोऽपि मुनिराड् वचनं सुसत्यम् ॥४॥

यदि यह सारी पृथिवी धन से परिपूर्ण हो जाए तो हे भगवन् ! क्या मैं अमृत प्राप्त कर लूंगी ? यह उस अत्यन्त विदुषी देवी ने अपने अनुपम पति से प्रश्न किया। उस मुनिराज ने भी इस उत्तम सत्य का उस के उत्तर में प्रतिपादन किया।

वित्तेन जीवितमिदं सुखितं कथंचित्,
स्यात् किन्तु नामृतपदं खलु वित्तलभ्यम्।
एतन्निशम्य वचनं प्रजगाद देवी,
येनामृतं नहि लभे किमु तेन कुर्याम् ॥५॥

धन से यह जीवन कुछ सुखमय बन सकता है, किन्तु अमृत पद की प्राप्ति धन के द्वारा नहीं हो सकती। इस वचन को सुन कर उस देवी ने कहा कि जिस से मैं अमर पद को प्राप्त न होऊं, उस को ले कर मैं क्या करूं ?

येनामृतं किल लभेय भवत्प्रसादात्,
तत्कथ्यतां भगवता करुणां विधाय।

देव्या अहो सुमतिता नहि वित्तमोहः,
सांसारिकेषु विषयेषु तथा प्रसक्तिः ॥६॥

आप की कृपा से जिस से मैं अमर पद को प्राप्त करूं, आप कृपा कर के उस का उपदेश करें। उस देवी की उत्तम बुद्धि पर आश्चर्य होता है, जिस को न धन का मोह था और न सांसारिक विषयों में आसक्ति।

अत्रामृतत्वमधिगन्तुमिहातुरा सा,
तत्साधनं स्वपतिदेवमपृच्छदाशु।
श्रुत्वा मुमोद मुनिराड् वचनं तदीयं,
हर्षं प्रकाश्य गदितुं ह्युपचक्रमेऽसौ ॥७॥

किन्तु अमृतत्व की प्राप्ति के लिए आतुर हो कर उस ने अपने पतिदेव से शीघ्र उस के साधन के विषय में प्रश्न किया। उस देवी के वचन को सुन कर मुनिराज अत्यन्त प्रसन्न हुए और हर्ष को प्रकट कर के वे इस प्रकार कहने लगे।

जाया पतिर्वा द्रविणं यदन्य-
ल्लोके प्रियं तत् किल आत्मतुष्ट्यै।
नास्ति प्रियत्वं स्वयमात्मतुष्ट्या,
विना धरित्र्यां खलु तथ्यमेतत् ॥८॥

पति, पत्नी, धन या संसार में और भी जो कुछ प्रिय लगता है, वह आत्मा की प्रसन्नता के लिए होता है। आत्मा की प्रसन्नता के बिना स्वयं संसार में और कुछ प्रिय नहीं, यह पृथिवी पर निश्चित सत्य है।

द्रष्टव्य आत्मा सकलैरतोऽयं,
मन्तव्य आत्मा मनुजैर्मनीषिभिः।

श्रव्यः स शास्त्राध्ययनेन तस्य,
भद्रे ! निदिध्यासनमत्र कार्यम् ॥९॥

इस लिए भद्रे ! इस आत्मा का ही सब बुद्धिमान् मनुष्यों को दर्शन करना चाहिए, इस का शास्त्र द्वारा श्रवण, मनन और निदिध्यासन करना चाहिये।

आत्माऽविनाशी नहि मृत्युमेति,
खड्गो न तं खण्डयितुं समर्थः।
विज्ञात आत्मन्यखिले श्रुते वा,
दृष्टेऽपि विज्ञायत एव सर्वम् ॥१०॥

यह आत्मा अविनाशी है, यह कभी नहीं मरती, तलवार इस आत्मा को काटने में कभी समर्थ नहीं होती। इस आत्मा के सुनने जानने और दर्शन कर लेने पर सब कुछ जाना जाता है।

तं यो न जानाति स एव मूढः,
शास्त्राण्यधीत्याप्यविवेकमग्नः।
तस्मिन्परात्मा निहितोऽस्ति गूढ-
स्तस्यैव निःश्वासमया हि वेदाः ॥११॥

जो उस आत्मा को नहीं जानता वही मूर्ख है, वह शास्त्रों का अध्ययन कर के भी अविवेक में मग्न है। उस आत्मा के अन्दर अत्यन्त गूढ़ परमात्मा स्थित है। वेद उसी के निःश्वासमय हैं।

प्रियेऽमृतत्वं यदि लब्धुकामा,
शान्तिं परां चेत् त्वमवाप्तुकामा।

आत्मानमन्विच्छ गुहां प्रविष्टं,
ज्ञानादृते तस्य न शान्तिलाभः ॥१२॥

प्रिये ! यदि तू अमृत पद को प्राप्त करना चाहती है, यदि तू परम शान्ति को प्राप्त करना चाहती है तो अपने हृदय या बुद्धिरूपी गुफ़ा में स्थित आत्मा की खोज कर। उस के ज्ञान के बिना शान्ति का लाभ नहीं हो सकता।

इत्थं सुबोधं समवाप्य साध्वी;
लेभे सुशान्तिं परमं च मोदम्।
आनन्दमग्ना सततं बभूव,
तप्त्वा तपः सा ह्यमरत्वमाप्ता ॥१३॥

इस प्रकार उत्तम बोध को प्राप्त करके उस साध्वी ने उत्तम शान्ति और परम आनन्द को पा लिया। वह निरन्तर आनन्द में मग्न हो गई और तप का अनुष्ठान कर के उस ने परम पद को पा लिया।

मैत्रेयिसंज्ञां विदुषीं श्रुतिज्ञां,
भक्त्या नमामः सुमतिं विशुद्धाम्।
वित्तस्य मोहं सकलं विहाय,
जिज्ञासमानां परमात्मतत्त्वम् ॥१४॥

मैत्रेयी नाम वाली उस वेदज्ञा, उत्तमबुद्धिमती, पवित्रा विदुषी को हम भक्तिपूर्वक नमस्कार करते हैं, जो सारे धन के मोह को छोड़ कर परमात्मतत्त्व को ही जानना चाहती थी।

मैत्रेयितुल्या महिलाः सहस्रं,
भवन्तु देशे सुमतिं दधानाः।

द्वारा च तासां जगते स्वदेशः,
शान्तेः सुसन्देशमिमं प्रदद्यात् ॥१५॥

ईश्वर करे कि मैत्रेयी के समान उत्तम बुद्धि को धारण करने वाली हजारों स्त्रियां हमारे देश में उत्पन्न हों और उन के द्वारा यह हमारा भारत देश सारे संसार के लिए शान्ति के उत्तम संदेश को दे।

—०—

पण्डिता द्रौपदी देवी

पाञ्चालराजद्रुपदस्य पुत्री,
श्री याज्ञसेनी प्रथिता सुवीरा।
अधीत्य सर्वान्निगमागमान् या,
सुपण्डिता कीर्तिमती बभूव ॥१॥

पाञ्चाल देश के राजा द्रुपद की पुत्री याज्ञसेनी एक प्रसिद्ध सुवीरा थी। वह सब वेदादि शास्त्रों को पढ़ कर बड़ी पंडिता और कीर्तिशालिनी बनी।

सा धर्मशास्त्राणि पपाठ सम्यक्,
आसीत् सुदक्षा नयशास्त्रविज्ञा।
रूपेण शीलेन च विद्यया सा,
समस्तदेशे प्रथिता बभूव ॥२॥

उस ने धर्मशास्त्रों का अच्छी प्रकार अध्ययन किया और बड़ी निपुणा नीति शास्त्र को जानने वाली बनी। वह अपने रूप, सदाचार और विद्या के कारण सारे देश में प्रसिद्धा हो गई।

संप्रेक्ष्य सद्यौवनशालिनीं तां,
स्वयंवरं तज्जनकोऽप्ययोजयत् ।
सुक्षत्रिया सेति धनुर्धराणां,
वराय दातुं द्रुपदोऽप्यचिन्तयत् ।।३।।

उस को उत्तम युवती देख कर उस के पिता द्रुपद ने स्वयंवर का आयोजन किया । द्रुपद ने यह विचार किया कि यह उत्तम क्षत्रिया है अतः धनुर्धारियों में श्रेष्ठ किसी युवक को उस को विवाह में दिया जाय ।

स्वयंवरं द्रष्टुमतीव दूराद्,
धनुर्धराः सुप्रथिताः समेयुः ।
मत्स्यादिलक्ष्यस्य हि वेधने तु,
नैवार्जुनादन्यजनः शशाक ।।४।।

इस स्वयंवर को देखने के लिए दूर-दूर से सुप्रसिद्ध धनुर्धारी लोग आये थे, किन्तु मछली आदि के लक्ष्य का वेधन करने में अर्जुन को छोड़ कर और कोई समर्थ नहीं हुआ ।

मत्स्यादि वेधस्य पणं प्रपूर्य,
पार्थोऽर्जुनस्तामुपयेम आर्याम् ।
पणोऽर्जुनेनैव न पूरितोऽन्यैः,[१]
कथं समेषां दयिता भवेत् सा ।।५।।

---

१ तथा च स्वयं युधिष्ठिरोक्तिः — 'त्वया जिता पाण्डव याज्ञसेनी, त्वयैव तोषिष्यति राजपुत्री । प्रज्वाल्यतां हूयतां चैव वह्निर्गृहाण पाणिं विधिवत् त्वमस्याः ।।
(म. भा. १. १८५. ७)

मत्स्यवेधन की शर्त को पूरा कर के पृथा (कुन्ती) के पुत्र अर्जुन ने उस आर्या से विवाह किया। यह शर्त अर्जुन ने ही पूरी की थी न कि अन्य पांडवों ने, इस लिए वह सब पाण्डवों की पत्नी कैसे हो सकती है?

माता त्वदृष्ट्वा यदि किञ्चिदाह,
पश्चाच्च सन्तप्तमना बभूव।[1]
तत्कार्यमित्थंश्रुतिलोकरुद्धं,[2]
कथं हि केनाप्यनुमोदनीयम्? ॥६॥

माता कुन्ती ने विना देखे यदि कुछ कह दिया कि भिक्षा को आपस में बांट लो इत्यादि और पीछे से उसे पश्चात्ताप हुआ (जैसे कि महाभारत में स्पष्ट लिखा है) तो इस के आधार पर वेद और लोक के विरुद्ध बहुपतित्व जैसे कार्य का कोई कैसे अनुमोदन कर सकता है?

सत्यंभवेच्चेन्ननु पञ्चभर्तृका,
पतिव्रता स्यादिति चित्रमेतत्।
सा वस्तुतस्त्वर्जुनधर्मपत्नी,
तस्यानुरूपा नयशास्त्रदक्षा ॥७॥

---

१ कुटी गता सा त्वनवेक्ष्य पुत्रौ,प्रोवाच भुंक्तेति समेत्य सर्वे। पश्चाच्च कुन्ती प्रसमीक्ष्य कृष्णां, कष्टं मया भाषितमित्युवाच ॥ यथोचितं पुत्र मयापि चोक्तं,समेत्य भुंक्तेति नृप प्रमादात् ॥ १. १९०. ४.।

२ प्रश्ने कृते सति महर्षि वेदव्यास वचनं प्रारम्भेः – अस्मिन् धर्मे विप्रलब्धे, लोकवेदविरोधके। १. १९५. ६।

यदि इस बात को माना जाय कि द्रौपदी पांचों पांडवों की पत्नी थी, तो भी उस को पतिव्रता माना जाय यह विचित्र बात है। वस्तुतः वह अर्जुन की ही अनुरूपा नीतिशास्त्र में निपुण धर्मपत्नी थी।

सा वेदशास्त्रेषु परा प्रवीणा,
आनन्दतीर्थो महिलाधिकारम् ।[१]
वेदेषु विद्योतयितुं तदीयं,
निदर्शनं चारु ददौ प्रहृष्टः ॥८॥

वह वेद-शास्त्रों में अत्यन्त निपुणा थी, यहां तक कि सुप्रसिद्ध द्वैत मत प्रचारक स्वा. आनन्दतीर्थ (श्री मध्वाचार्य) ने स्त्रियों के वेदाधिकार का प्रतिपादन करते हुए बड़ी उत्तमता से उस का (द्रौपदी देवी का जिसे कृष्णा भी कहते हैं) प्रसन्नतापूर्वक उदाहरण दिया है।

ओजः प्रपूर्णानि सुभाषितानि,
तस्याः सुयोग्यात्वमुपादिशन्ति ।
साऽन्यायकारिष्वतिरुद्ररूपा,
तद् दण्डनार्थं सकलानचोदयत् ॥९॥

द्रौपदी देवी के ओजस्विता से परिपूर्ण उत्तम वचन उस की उत्तम योग्यता को सूचित करते हैं। वह अन्यायकारियों के लिए अत्यंत रुद्ररूपा थी और उन को दण्ड देने के लिए सब को प्रेरित करती थी।

अद्यापि देशस्य दशा न साध्वी,
चरित्रहीना बहवोऽत्र राष्ट्रे ।

---

१ वेदा अप्युत्तमस्त्रीभिः कृष्णाद्याभिरिहाखिलाः ॥
आनन्दतीर्थाः 'महाभारततात्पर्यनिर्णये'।

श्रीयाज्ञसेनी सदृशार्यनार्य-
स्तद् वारणायात्र भृशं प्रतीक्ष्याः ॥१०॥

आज भी देश की अवस्था अच्छी नहीं है। इस राष्ट्र में अब भी बहुत से चरित्रहीन लोग विद्यमान हैं। उस चरित्रहीनता के निवारण के लिए द्रौपदी देवी जैसी आर्य नारियों की बहुत प्रतीक्षा है और ऐसी वीर नारियां पूजनीया हैं।

तस्मादिहोग्रां खलु पापकर्तृषु,
क्षात्रेण वीर्येण परिप्लुतां ताम्।
पार्थस्य कान्तामनुरूपपत्नीं,
श्री याज्ञसेनीं विनता नमामः ॥११॥

इसलिए पापियों के लिए उग्ररूपा, क्षात्र बल से परिपूर्णा, अर्जुन की अनुरूप पत्नी द्रौपदी को हम विनय पूर्वक नमस्कार करते हैं।

—०—

गणितशास्त्रविशारदा लीलावती

श्रीभास्कराचार्येति नामा, ख्यातविद्वत्तल्लजः[१]।
सूर्यसिद्धान्तेति संज्ञं, ग्रन्थरत्नं यत्कृतम् ॥१॥

श्री भास्कराचार्य एक बड़ा प्रसिद्ध विद्वानों में श्रेष्ठ था, जिस ने सूर्यसिद्धान्त नामक ग्रन्थरत्न का निर्माण किया।

---

१ विद्वत्तल्लजः – विद्वद्वरः।

दुर्लभा नक्षत्रविद्या, तद्विशारदसत्तमः ।
ज्योतिर्षिश्रेष्ठः सुधीः, सर्वत्र लोकेऽभ्यर्च्यते ॥२॥

जो नक्षत्र विद्या बड़ी दुर्लभ है, वे उस विद्या के निपुणों में उत्तम थे । संसार में सर्वत्र उस ज्योतिषियों में श्रेष्ठ उत्तम बुद्धि वाले भास्कराचार्य की पूजा की जाती है ।

तस्य बुद्धिमती सुता, गुणरत्नगणसमलंकृता ।
रूपयौवनशालिनी, लीलावती भुवि विश्रुता[1] ॥३॥

उस की बुद्धिमती गुण रूप रत्न समूह से सुभूषिता, रूप और यौवन से युक्ता लीलावती नाम की पृथिवी में प्रसिद्धा पुत्री थी ।

ज्योतिषी ख्यातः पिता,सुविविच्य तत्पाणिग्रहम् ।
योजयामासेह किन्तु वि-लोक्य दैव विडंबनाम् ॥४॥
को न खिन्नः स्यादिदं,ज्ञात्वा सुता विधवाऽचिरम् ।
सा बभूव सुदुःखिता किल,तातमात्राद्यैः समम् ॥५॥

उस के प्रसिद्ध ज्योतिषी पिता ने बहुत सोच-विचार कर उस का विवाह करवाया, किन्तु दैव की इस विडम्बना (धोखे) को देख कर और यह जान कर कि लीलावती बहुत शीघ्र विधवा हो गई, किस को दुःख न होगा ।

शोकसागरमग्नता, लाभप्रदा नहि जातु चित् ।
चिन्तयित्वाऽऽचार्यचरणैः, सा सुता प्रसुशिक्षिता ॥६॥

शोक समुद्र में डूबे रहना किसी के लिए कभी लाभदायक नहीं हो सकता, यह सोच कर आचार्य ने अपनी पुत्री को अच्छी तरह शिक्षित किया ।

---

१ विश्रुता – प्रसिद्धा ।

येन सा शास्त्रेषु जाता, सत्वरं सुविचक्षणा ।
गणितशास्त्रे योग्यता, तस्याः सुविस्मयकारिणी ॥७॥

जिस से वह शीघ्र ही शास्त्रों में बड़ी निपुणा हो गई । गणित शास्त्र में तो उस की योग्यता सब को बहुत ही चकित करनेवाली थी ।

इत्थंयदातद् योग्यता, वृद्धेः पराकाष्ठां गता ।
सा समेषां लाभदृष्ट्या, ग्रन्थमेकं निर्ममे ॥८॥

इस प्रकार जब उस की योग्यता पराकाष्ठा पर पहुंच गई (बहुत अधिक बढ़ गई) तब उस ने सब के लाभ की दृष्टि से एक ग्रन्थ का निर्माण किया ।

ग्रन्थरत्नं तच्च लीला-वत्यभिख्यं योग्यताम् ।
चारु विद्योतयति नूनं, लेखिकाप्रतिभां शुभाम् ॥९॥

वह ग्रन्थरत्न जिस का नाम 'लीलावती' है निश्चय से लेखिका की उत्तम प्रतिभा को सूचित करता है ।

गणितशास्त्रे संस्कृते, सर्वोत्तमं तन्मन्यते ।
धन्यवादततिं बुधास्तल्लेखिकायै तन्वते ॥१०॥

गणितशास्त्र के विषय में उस ग्रन्थ को सर्वोत्तम माना जाता है और बुद्धिमान् लोग उस के लिए लेखिका को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं ।

या बुधा प्रतिभान्विता, सद्ग्रन्थरत्नं निर्ममे ।
सा मृता नहि मन्यतां, नूनं हि साऽमरतां गता ॥११॥

जिस प्रतिभाशालिनी बुद्धिमती ने ऐसे उत्तम ग्रन्थरत्न का निर्माण किया, उसे कभी मरी हुई न मानना चाहिए, किन्तु वह तो निश्चय से अमरता प्राप्त कर चुकी है ऐसा समझना चाहिए ।

इत्थं यया भारतजनन्याः, कीर्तिरत्र विवर्धिता ।
तां सन्मतिं लीलावतीं,देवीं नमस्कुर्मो मुदा ।।१२।।

इस तरह जिस ने भारतमाता की कीर्ति को बढ़ाया उस उत्तम बुद्धिवाली लीलावती देवी को हम प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करते हैं ।

—०—

सुपण्डिता भारती देवी

वेदादिशास्त्रेषु विशारदा सा,
श्रीभारती मण्डनमिश्रपत्नी ।
क्व तत्समाः स्युर्महिलामहीतले,
निष्पक्षपाताः सरलाः सुशीलाः ।।१।।

श्री मण्डनमिश्र नामक महापण्डित की धर्मपत्नी श्री भारती देवी वेदादि शास्त्रों में निपुणा थी । इस पृथिवी पर उस जैसी पक्षपात रहिता, सरल स्वभाव वाली और सुशीला महिलाएं कहां मिलती हैं ?

भर्ता हि तस्या बुधवर्गवर्यः,
ख्यातः क्षितौ मण्डनमिश्रनामा ।
मीमांसकानां स शिरोमणिः सन्,
जिगाय पाण्डित्यबलेन सर्वान् ।।२।।

उस का पति बुद्धिमानों के समूह में श्रेष्ठ पृथिवी में प्रसिद्ध मीमांसकों का शिरोमणि था जिस ने अपने पाण्डित्य के बल से सब को जीत लिया था ।

तत्कीर्तिमाकर्ण्य सुदूरवर्तिनीं,
श्रीशंकराचार्यमहामनीषी ।
समाजगामाशु गृहं तदीयं,
कर्तुं समं तेन सुशास्त्रचर्चाम् ॥३॥

उस की दूर-दूर तक फैली हुई कीर्ति को सुन कर महान् मनीषी (बुद्धिमान्) श्री शंकराचार्य उस के साथ उत्तम शास्त्रचर्चा को करने के लिए उस के घर पर आये ।

द्वयोर्यदा दिग्गजयोर्विवादो,
माध्यस्थ्यमासीद् विषमं तदानीम् ।
श्री शङ्करः स्वानुमतिं प्रदाय,
माध्यस्थ्यमस्या उररीचकार ॥४॥

दो अत्यन्त महान् दिग्गजों के समान विद्वानों के बीच में जब विवाद हो तो उस में मध्यस्थता करना बहुत ही कठिन काम था, किन्तु श्री शंकराचार्य ने अपनी अनुमति दे कर श्री भारती देवी की मध्यस्थता को स्वीकार कर लिया ।

पत्न्या विपक्षस्य सुविश्रुतस्य,
वादे जयार्थं च समुत्सुकस्य ।
देव्यास्ततो न्यायमतिः प्रशान्तता,
निष्पक्षता ज्ञायत एव विज्ञैः ॥५॥

सुप्रसिद्ध, शास्त्रार्थ में विजय के लिए उत्सुक अपने प्रतिपक्षी की पत्नी को मध्यस्था बनाने से उस की न्याय बुद्धि, अत्यधिक शांतता और निष्पक्षपातता विद्वानों को ज्ञात होती है ।

अद्वैतसिद्धान्तसमर्थनं तु,
श्री शङ्करो युक्तिपरम्पराभिः ।
श्रुतेश्च वाक्यैः सततं प्रयेते,
कर्तुं विपक्षस्य बुधः समक्षम् ॥६॥

श्री शंकराचार्य ने युक्तियों और श्रुतिवाक्यों से विपक्षी बुद्धिमान् के सम्मुख अद्वैत सिद्धान्त के समर्थन का यत्न किया।

तत्खण्डनं स्वीयमतस्य मण्डनं,
चक्रे बुधो मण्डनमिश्रसंज्ञः ।
अष्टौ दिनानीह दशोत्तराणि,
तथा व्यतीयुर्बुधयो रणेऽस्मिन् ॥७॥

मण्डनमिश्र नामक बुद्धिमान् ने उस अद्वैत सिद्धान्त का खण्डन और अपने मत का मण्डन किया। इस प्रकार उन बुद्धिमानों के वाचिक युद्ध (शास्त्रार्थ) में १८ दिन हो गये ।

पराजितो योऽपिभवेत् स्वकीयं,
स आश्रमं सत्वरमुज्जहातु ।
अन्याश्रमं चाप्युररीकरोतु
पणोऽद्भुतस्तत्रविनिश्चितोऽभूत् ॥८॥

जो इस शास्त्रार्थ में हार जाए वह अपने आश्रम का परित्याग कर दे और विजेता के आश्रम को स्वीकार कर ले, ऐसी विचित्र शर्त इस शास्त्रार्थ में निश्चित की गई थी।

देव्या यदा दृष्टमिदं पराजित-
स्तस्याः पतिः शङ्करमिश्रयुक्तिभिः ।

तदा पुरस्तस्य समाजगाम,
जगाद चेत्थं गुरुशङ्करं प्रति ॥९॥

जब भारत देवी ने यह देखा कि उस के पति श्री शंकराचार्य की युक्तियों से पराजित हो गये हैं, तब वह शंकराचार्य जी के सामने आई और उन को उसने ऐसा कहा।

पराजितो मण्डनमिश्रविद्वान्,
नेत्थं कदाचिद् भवता विभाव्यताम्।
अर्धं शरीरं किल तस्यजाया,
यावज्जिता नो भवता विपश्चिता ॥१०॥

आप को कभी यह नहीं समझना चाहिए कि आप ने विद्वान् मण्डन मिश्र जी को पराजित कर दिया है, जब तक कि आप मुझे जो उन की पत्नी होने के कारण उन की अर्धाङ्गिनी हूं, शास्त्रार्थ में हरा न दें।

श्रीशंकरो नैव समुद्यतोऽभूत्,
शास्त्रार्थचर्चां हि तया विधातुम्।
स्त्रीभिः समं नैव यशस्विनस्तु,
कुर्वन्ति चर्चामिति सोऽप्यभाणीत् ॥११॥

श्री शंकराचार्य जी उस के साथ शास्त्रार्थ करने को तैयार नहीं हुए और उन्होंने कहा कि यशस्वी लोग स्त्रियों के साथ शास्त्रचर्चा वा शास्त्रार्थ को नहीं किया करते।

भारती देव्युवाच—
करो तिलोके स्वमतस्य खण्डनं,
यः कोऽपि नास्याद् यदिवास्तुनारी।

शास्त्रार्थ एवास्त्युचितो हि तेन,
समं प्रमाणानि बहूनि सन्ति ॥१२॥

इस पर भारती देवी ने कहा कि—

संसार में जो भी अपने मत का खण्डन करता है, चाहे वह पुरुष हो वा स्त्री, उस के साथ शास्त्रार्थ करना उचित है, इस के बहुत से प्रमाण हैं।

चक्रे हि गार्ग्या सह शास्त्रचर्चां,
पुरः समेषां मुनियाज्ञवल्क्यः।
चकार राजा जनकोऽपि चर्चां,
शास्त्रस्य देव्या सुलभेतिसंज्ञया ॥१३॥

पूर्वकाल में मुनि याज्ञवल्क्य ने गार्गी देवी के साथ शास्त्रचर्चा की थी महाराजा जनक ने भी सुलभा नामक देवी के साथ शास्त्र की चर्चा की थी।

यशोधनास्ते नहि किं भवन्मते,
शास्त्रस्य चर्चा भवता विधीयताम्।
पराजिता चेद् भवता यथेष्टं,
दीक्षात्र भर्त्रे मम देव दीयताम् ॥१४॥

क्या आप की सम्मति में वे (याज्ञवल्क्यजनकादि) यशस्वी वा यशरूप धन से सम्पन्न व्यक्ति न थे? इस लिए आप मेरे साथ शास्त्र की चर्चा कीजिए और यदि मैं आप से हार गई तो मेरे पतिदेव को (संन्यासाश्रम की) दीक्षा दे दीजिये।

ततः प्रवृत्ता खलु शास्त्रचर्चा,
श्रीभारतीशंकरयोर्विचित्रा।

प्रश्नः कृतो वै विषमोऽतिदेव्या,
श्रीशङ्करं यश्चकितीचकार ॥१५॥

तब श्री भारती देवी और शंकराचार्य जी की विचित्र शास्त्रचर्चा प्रारम्भ हुई। भारती देवी ने एक ऐसा कठिन प्रश्न कर डाला कि जिस ने श्री शंकराचार्य जी को भी चकित कर दिया।

नह्युत्तरंदातुमसावशक्नोत्,
सद्यस्ततोऽसौ समयं ययाचे।
मासावसाने स यथाकथंचित्,
तस्याः समाधानमलं चकार ॥१६॥

श्री शंकराचार्य तत्काल उस का उत्तर न दे सके, तब उन्होंने एक मास का समय उत्तर के लिए मांगा। मास की समाप्ति पर तब उन्होंने किसी तरह उस का समाधान कर दिया।

एवं विधा दिव्यगुणोपपन्ना-
सीद् भारती शास्त्रविदां वरिष्ठा।
लोके सरस्वत्यवतारभूतां,
मतां सुशीलां सरलां नमामः ॥१७॥

भारती देवी इस प्रकार की दिव्यगुणों से सम्पन्ना, शास्त्रज्ञों में श्रेष्ठा थी, ऐसी संसार में (पौराणिकों के द्वारा) सरस्वती का अवतार मानी जाने वाली, सुशीला सरला उस देवी को हम नमस्कार करते हैं।

—o—

ब्राह्मी ब्रह्मचारिणी

ऋषभदेवो नाम जैनानां गुरुः प्रथमो मतः ।
पूज्यते सर्वत्र जैनैर्यः प्रथमतीर्थङ्करः ॥१॥

ऋषभदेव जैनियों के प्रथम गुरु माने जाते हैं जिन की जैनी भाई सर्वत्र पूजा करते हैं और जिन्हें वे प्रथम तीर्थङ्कर मानते हैं।

तस्य पुत्री सद्गुणानामाकरो ब्राह्मी शुभा ।
योग्यतायाः कारणात्, ख्यातिं गता सर्वत्र सा ॥२॥

उन की पुत्री ब्राह्मी नाम की थी जो उत्तम गुणों का भण्डार थी और अपनी योग्यता के कारण सर्वत्र प्रसिद्धि को प्राप्त थी।

नैष्ठिकं सा ब्रह्मचर्यं, धारयन्ती सात्विकी ।
ज्ञानसंचयतत्परा साशिक्षताष्टादश लिपीः ॥३॥

वह सात्विक स्वभाव वाली देवी नैष्ठिक ब्रह्मचर्य को धारण कर के ज्ञान के संचय में सदा तत्पर रही और कहा जाता है कि उस ने १८ लिपियों का ज्ञान प्राप्त किया।

स्त्रीजनानामुन्नतिं, लक्ष्यं परं निदधे पुरः ।
इत्थं सदा सेवारतां ब्राह्मीं नमामः सुव्रताम् ॥४॥

उस ने अपने सम्मुख स्त्रियों की उन्नति का लक्ष्य रखा। इस प्रकार सदा सेवा में तत्पर, उत्तमव्रतधारिणी ब्राह्मी को हम नमस्कार करते हैं।

—०—

दार्शनिकी लक्ष्मी देवी

लक्ष्मी देवी चन्द्रसिंहाभिधस्य,
राज्ञः पत्नी पण्डितातिप्रसिद्धा ।
आसीत् तस्या दर्शनानां प्रभूतं,
ज्ञानं येनान्यान् बुधानत्यशेत ॥१॥

मिथिला के राजा श्री चन्द्रसिंह की पत्नी लक्ष्मी देवी बड़ी प्रसिद्ध पण्डिता थी । उस का दर्शनशास्त्रों का ज्ञान बहुत बढ़ा चढ़ा था जिस से उस ने अन्य बुद्धिमानों को मात कर दिया था ।

मिताक्षराख्या किल याज्ञवल्क्य-
स्मृतेः सुटीका प्रथिता पृथिव्याम् ।
गीर्वाणवाण्यां निपुणेयमार्या,
व्याख्यानमस्या अति चार्वकार्षीत् ॥२॥

मिताक्षरा नाम की याज्ञवल्क्य स्मृति की टीका पृथिवी में बहुत प्रसिद्ध है । इस संस्कृत में निपुणा आर्या देवी ने उस की बड़ी उत्तम व्याख्या की थी ।

बुद्धिस्तथास्याः प्रखरा बभूव,
तर्कं महद्भिर्विबुधैश्चकार ।
बालम्भटाद्याः प्रथिता विपश्चितः,
बुधोत्तमात्वं मुदिताश्च मेनिरे ॥३॥

---

१ मिथिलेश्वरस्य श्री चन्द्रसिंहस्य ।

इस की बुद्धि इतनी तीव्र थी कि वह बड़े-बड़े बुद्धिमान् पुरुषों से तर्क किया करती थी और बालम्भट्ट आदि उस समय के प्रसिद्ध विद्वानों ने प्रसन्नता पूर्वक उस को श्रेष्ठ विदुषी के रूप में माना था।

षड्दर्शनानां जटिलाः समस्याः,
समादधानां हि कुशाग्रबुद्धिम्।
लक्ष्मीसरस्वत्यतिरम्ययोगं,
लक्ष्मीं नमामो मुदिता बुधाग्र्याम् ॥४॥

छः दर्शनों की जटिल समस्याओं का समाधान करने वाली, कुशाग्र बुद्धि, लक्ष्मी और सरस्वती (धन और विद्या) के अत्यन्त उत्तम समन्वय वाली बुद्धिमानों व बुद्धिमतियों में श्रेष्ठा रानी लक्ष्मीदेवी को हम प्रसन्नता से नमस्कार करते हैं।।

इति महिलामणिकीर्तने विदुषीवर्गनिरूपणं नाम तृतीयं काण्डम्।

चतुर्थं काण्डम्

(विश्रुतवीरवरावर्गः)

सुवीरा दुर्गा देवी

दुर्गेति संज्ञा हि कृपाणपाणिः,
सा शौर्यशक्तिप्रतिमा बभूव ।

तां शस्त्रसज्जां खलु सिंहवाहिनीं,
पौराणिका बन्धव आमनन्ति ॥१॥

दुर्गा देवी जिस के हाथ में तलवार थी, शूरवीरता और शक्ति की प्रतिमा थी। पौराणिक बन्धु उसे शस्त्रास्त्रों से सुसज्ज और सिंह की सवारी करने वाली बतलाते हैं।

सा दानवान् वीतभया जघान,
सद्धार्मिकाणां च चकार रक्षाम्।
आसीददम्या भुवि वीरवर्या,
देवीति तस्मात्सुजनैर्मता सा ॥२॥

निर्भया हो कर उस ने महिषासुरादि दानवों का नाश किया और उत्तम धार्मिक लोगों की रक्षा की। वह संसार में उस समय वीर श्रेष्ठा और अदम्या अथवा किसी से न दबने वाली थी इसीलिये सज्जनों ने उसे देवी के रूप में माना।

मां [1]संगरे यो बलवान् विजेता,
तमेव भर्तारमहं वरिष्ये।
जुघोष येत्थं भुवि तेन तस्याः,
सद्योग्यता ज्ञायत एव विज्ञैः ॥३॥

जो बलवान् मुझे युद्ध में जीतेगा मैं उस का ही पतिरूप में वरण करूंगी। जिस देवी ने इस प्रकार की संसार में घोषणा की, उस की उत्तम योग्यता को अच्छे विद्वान् इसी से जान सकते हैं।

---

१. संगरे – युद्धे।

समर्च्यतेऽद्यापि हि सा सुवीरा,
लोके सुशक्ति समवाप्तुकामैः ।
न केवलं तत्स्मरणं तदीय-
शिक्षानुसार्याचरणं विधेयम् ॥४॥

आज भी उत्तम शक्ति को प्राप्त करने की इच्छा वाले संसार में उस की अर्चना करते हैं । केवल उस का स्मरण ही नहीं, उस की शिक्षा के अनुसार आचरण करना चाहिए ।

देशेऽस्मदीये किल शक्तिवृद्धि-
र्नितान्तमेवाभिमताऽनिवार्या ।
स्वातन्त्र्यमेवेतरथा न रक्ष्यं,
विरोधिभिस्त्वाक्रमणे कृतेऽत्र ॥५॥

हमारे देश में निश्चय से शक्ति की वृद्धि बहुत अधिक अभीष्ट और बल्कि अनिवार्य है । अन्यथा विरोधियों द्वारा आक्रमण किये जाने पर हम अपनी स्वतन्त्रता की ही रक्षा नहीं कर सकते ।

दुर्गासदृश्यो महिलाः सुवोराः,
सहस्रशो वै सुतरामपेक्ष्याः ।
येन स्वराष्ट्रं भवदप्रधृष्टं,
सुशान्तिसन्देशमलं प्रदातुम् ॥६॥

दुर्गा देवी जैसी हजारों सुवीरा स्त्रियों की अत्यधिक आवश्यकता है जिस से हमारा राष्ट्र किसी से न दबने वाला हो कर उत्तम शान्ति के सन्देश को देने में समर्थ हो ।

अतो नमामो विनयेन दुर्गां,
स्फूर्ति जनेष्वत्र सदादधानाम् ।
दुर्वृत्तदु:शीलविनाशदक्षां,
शक्तेः सदा नो ददतीं सुशिक्षाम् ।।७।।

इसलिए जनता में स्फूर्ति को देने वाली दुर्गा देवी को हम विनय से नमस्कार करते हैं जो दुराचारी दुष्टस्वभाव वाले लोगों का नाश करने में निपुणा और सदा उत्तम शक्ति की शिक्षा देने वाली थी ।।

—०—

वीरा राज्ञी कर्मदेवी

(द्वादशशतकीया)

पत्नी समरसिंहस्य, चित्तौड़ाधिपतेः शुभा ।
वीरवर्याग्रगण्यासीत्, कर्मदेवी पतिव्रता ।।१।।

कर्मदेवी चित्तौड़ के राजा समरसिंह की पतिव्रता सुवीरा धर्मपत्नी थी ।

मुइजुद्दीनसंज्ञेन, यवनेनावनीभृता ।
राजा समरसिंहोऽसौ, कुर्वन् सुसमरं हतः ।।२।।

मुइजुद्दीन नामक मुसलमान राजा के साथ उत्तमता से युद्ध करते हुए राजा समरसिंह सन् ११९२ ई० में मारा गया ।

अनुव्रता सुवीरा च, तत्पत्नी ध्रुवनिश्चया ।
देशस्वातन्त्र्यरक्षार्थं, युद्धं चक्रे यशस्विनी ।।३।।

उस की अनुव्रता, अचल निश्चय वाली यशस्विनी पत्नी कर्मदेवी ने देश की स्वतन्त्रता की रक्षा के लिए युद्ध किया।

कर्मदेवी सुशौर्यौजः - परिप्लुततनूः सती।
कुतुबुद्दीन दुर्बुद्धिं, पराजितवती सती ॥४॥

उत्तम शूरवीरता और ओज से युक्त शरीर वाली होकर सती कर्मदेवी ने दुर्बुद्धि कुतुबुद्दीन को हरा दिया।

इत्थं भूतां सुवीरां तां, देशभक्तियुतां शुभाम्।
सुपुत्रीं भारताम्बायाः, कर्मदेवीं नुमो मुदा ॥५॥

ऐसी देशभक्ता भारतमाता की उत्तम पुत्री सुवीरा कर्मदेवी को हम प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करते हैं ॥

—०—

वीरा ताजकुमारी (ताजकुंवरी)

(द्वादशशतकीया)

ताजकुमारी नाम्नी वीरा, सज्जनसिंहसुपुत्री।
किसोरभूपस्तस्या जनकः, लक्ष्मणसिंहोभ्राता ॥१॥

ताज कुमारी (ताजकुंवरी) किसोर के राजा सज्जनसिंह की पुत्री थी जिस के भाई का नाम लक्ष्मणसिंह था।

सज्जनसिंहस्तस्यै शिक्षां, क्षत्रिययोग्यामददात्।
अस्त्रशस्त्रचालनदक्षा सा, वीरवरा च बभूव ॥२॥

राजा सज्जनसिंह ने उस को क्षत्रियों के योग्य शिक्षा दी थी जिस से वह अस्त्र शस्त्र चलाने में निपुणा बड़ी वीरा हो गई थी ।

आसीत् कुतुबुद्दीनोभूपस्तदा देहलीनगरे ।
विषयलम्पटः कामी नीचः,सदाचारधनहीनः ।।३।।

उन दिनों कुतुबुद्दीन देहली में शासक था, जो विषयलम्पट, कामी, नीच, सदाचार रूपी धन से रहित था ।

भ्रात्रा सह मृगयां कर्तुं सा, कुमार्येकदाऽगच्छत् ।
अश्वारूढ़ा सुभटीवेशा, सुघटितगात्रावयवा ।।४।।

एक दिन वह अच्छे सुघड़ अवयवों वाली उत्तम सैनिक वेश में घोड़े पर चढ़ कर अपने भाई लक्ष्मणसिंह के साथ शिकार खेलने गई ।

द्वादश यवनाः क्षुपान्तराले, तत्र सुगुप्ता आसन् ।
दण्डान् करे गृहीत्वा सर्वे, ते ह्याक्रमणं चक्रुः ।।५।।

१५ मुसलमान झाड़ियों के अन्दर वहां छिपे हुए थे और उन्होंने हाथों में दण्डे ले कर उन दोनों पर आक्रमण कर दिया ।

यूनः पञ्च स लक्ष्मणसिंहः, करवालेन जघान ।
पंच च ताजकुमारी वीरा,यमसविधे विनिनाय।।६।।

उन में से पांच युवकों को लक्ष्मणसिंह ने तलवार से मार दिया और पांच को ताजकुंवरी ने यम के घाट उतार दिया ।

पलायमानौ द्वावशिष्टौ, तदा जग्मतुर्देहलीम् ।
कुतुबुद्दीनं तौ च जगदतुस्ताजकुमार्या विषये।।७।।

तब बचे हुए दो युवक भाग कर देहली गये और उन्होंने कुतुबुद्दीन से ताज कुंवरी के विषय में कहा।

अनुपमसुषमा तस्याः, स्वामिन्,
सा निजमहिषी कार्या।
अत्र विलम्बो भवता कार्यो
नहि सा त्वरितं प्राप्या ॥८॥

हे मालिक ! उस ताजकुंवरी की अनुपम सुन्दरता है उस को आप अपनी बेगम बना लें। इस काम में आप देर न करें। उसे जल्दी प्राप्त करें।

कुतुबुद्दीनः कामपीडितस्तदा प्रैषयत् सैन्यम्।
तेन च गत्वाकिसोरदुर्गं, परिवृतमेव समन्तात्॥९॥

तब कुतुबुद्दीन ने काम वासना से पीड़ित हो कर अपनी सेना को भेजा, जिस ने किसोर के किले को चारों ओर से घेर लिया।

दुर्गेऽभवन् ये खलु राजपुत्राः,
युद्धं कृतं तैर्विभयैर्नितान्तम्।
संख्या न तेषामधिका बभूव,
ते मार्यमाणा यवनैरभूवन् ॥१०॥

किले के अन्दर जो राजपूत थे, उन्होंने निर्भय हो कर डट कर युद्ध किया किन्तु उन की संख्या अधिक न थी, इस लिये वे मुसलमानों द्वारा मारे जा रहे थे।

अपश्यतुर्दृश्यमिदं विचित्रं,
ताजाकुमारी स च लक्ष्मणसिंहः।

करे गृहीत्वा निशितौ च खड्गौ,
निजघ्नतुस्तौ विभयौ विपक्षान् ॥११॥

ताजकुंवरी और लक्ष्मणसिंह ने जब यह विचित्र दृश्य देखा तो वे दोनों हाथों में तेज तलवार ले कर निर्भयता से शत्रुओं का घात करने लगे।

कुतुबुद्दीनो नीचकुबुद्धिः,
शक्ति ताजकुमार्याः।
दृष्ट्वा चकितोऽत्यन्तं जातः,
बालाया बलमतुलम् ॥१२॥

नीच दुष्ट बुद्धिवाला कुतुबुद्दीन बाला ताजकुंवरी की अद्भुत शक्ति को देख कर अत्यन्त आश्चर्य चकित हुआ।

द्रुतं निगृह्यागच्छेद् यस्तां,
हृद्यां ताजकुमारीम्।
पारितोषिकं मत्तो लभतां,
यदपीभीप्सितमस्मै ॥१३॥

जो उस सुन्दरी ताजकुंवरी को पकड़ कर मेरे पास लावेगा, उसे मैं मुंह मांगा इनाम दूंगा। ऐसी उस ने घोषणा कर दी।

एतच्छ्रुत्वा लुब्धा यवनाः,
बहवः समं निपेतुः।
निग्रहणायाधमा हि तस्याः,
वीरायास्ताजायाः ॥१४॥

यह सुन कर बहुत से नीच लोभी मुसलमान उस वीरा ताजकुंवरी को पकड़ने के लिए उस पर इकट्ठे टूट पड़े।

कालकवलितः सज्जनसिंहः, वीरभटा बहवोऽन्ये।
स्वर्गद्वारं क्षत्रियधर्मं, संपाल्येह विचिन्ताः ॥१५॥

राजा सज्जनसिंह और अन्य भी बहुत से वीर इस युद्ध में काल के ग्रास बन गये (मारे गये) इस प्रकार निश्चिन्तता से अपने स्वर्ग के द्वार क्षत्रिय धर्म का पालन कर के वे वीर गति को प्राप्त हुये।

तदा वीरया यदा हि दृष्टाः,
यवनास्तत्रायान्तः।
भ्राता लक्ष्मणसिंहः प्रोक्तः,
पाहि सहोदर भगिनीम् ॥१६॥

तब जब उस वीरा ने देखा कि बहुत से यवन उस की ओर आ रहे हैं उस ने अपने भाई लक्ष्मणसिंह को कहा भाई ! अब अपनी बहिन को बचाओ।

अश्रुपरिप्लुतनेत्रो भ्राता,
विमनास्तदा जगाद।
स्वसः साम्प्रतं किमहं कुर्यां,
निजभगिनीं परिपातुम् ॥१७॥

आंखों में आंसू भर दुःखित हो कर उस ने कहा बहिन ! अब मैं तुम्हें अपनी सगी बहिन को बचाने के लिए क्या करूं ?

ताजकुमारी दर्शं दर्शं,
सोदरमेव रुदन्तम्।
प्राह लज्जसे कथं नहि त्वं,
रुदन् वीर इह भूत्वा ॥१८॥

ताजकुंवरी ने अपने सगे भाई को रोते हुए देख कर कहा क्या तुम्हें इस संसार में वीर हो कर रोते हुए शर्म नहीं आती ?

अवसानं देहस्य सहोदर,
यदा ह्यवश्यंभावि ।
चिन्ता तस्य मनागपिनहि मे,
किन्तु धर्मरक्षा स्यात् ॥१९॥

हे भाई ! जब इस देह का अन्त होना ही है तो उस की मुझे ज़रा भी चिन्ता नहीं है, किन्तु किसी प्रकार धर्म की रक्षा हो यही चाहती हूं ।

म्लेच्छानामेषानां दुष्टानां,
करस्पर्शतो भ्रष्टा ।
यथा भवेद् भ्रातर्नहि भगिनी,
तथा विधेय उपायः ॥२०॥

मैं इन दुष्ट म्लेच्छों के स्पर्श से जिस से भ्रष्ट न होऊं, वैसा कोई उपाय करना चाहिए ।

वीरा धर्मपरायणभगिनी,
यं संकेतं चक्रे ।
स्वकीयधर्मत्राणकाम्यया,
तां विवेद वीरोऽसौ ॥२१॥

उस वीरा धर्मपरायण बहिन ने जो इशारा किया था, इस लिए कि उस के धर्म रक्षा हो जाय, वह वीर उस को जान गया ।

उपायमन्यं कमपि न पश्यन्,
तस्यां परिस्थितौ सः ।
विवशो भ्राताखड्गधारया,
स्वसुश्शिरश्चिच्छेद ॥२२॥

उस परिस्थिति में और किसी उपाय को न देख कर लाचार हो कर उस ने अपनी बहिन का सिर काट दिया ।

कर्म दारुणं कृत्वा विवशो-
भगिनीधर्मारिरक्षुः ।
साक्षाद् यमइवभूत्वा यवनान्,
शतशः सोऽथ चकर्त ॥२३॥

लाचारी से भगिनी के धर्म की रक्षा की इच्छा से उस भयङ्कर कर्म को कर के उस ने साक्षात् यम के समान हो कर सैकड़ों यवनों को काट डाला ।

दुष्टदमनरूपं निजधर्मं, मुदा पालयन् सिंहः ।
बहुसंख्यैर्यवनैराक्रान्तो, वीरगतिं स जगाम ॥२४॥

वह शेर दुष्टों के दमन रूप अपने धर्म का प्रसन्नता पूर्वक पालन करता हुआ बहुत अधिक संख्या में यवनों द्वारा आक्रमण करने पर वीर गति को प्राप्त हुआ ।

कुतुबुद्दीनकुबुद्धिर्यद्यपि, इत्थं विजयं लेभे ।
किन्तु केवलं शवान् सुशून्यं, दुर्गं चैव स लेभे॥२५॥

इस प्रकार यद्यपि कुबुद्धि कुतुबुद्दीन ने विजय प्राप्त की किन्तु उसे केवल वीरों के शव और सर्वथा शून्य किला ही प्राप्त हुए ।

धन्या ताजकुमारी देवी, वन्द्या कस्यनहि स्यात् ।
यया वीरयात्यद्भुतकृत्यं, कृतं सुविस्मयकारि ॥२६॥

वह वीरा ताजकुंवरी धन्य थी जिस ने इतना आश्चर्य जनक कार्य कर के दिखाया । वह किस के लिए वन्दनीया नहीं ?

करस्पर्शतो नहि दुष्टानां,
भ्रष्टा जातु भवेयम् ।
इति बलिदानं स्वयं ययान्ते,
कृतं धर्मरक्षायै ॥२७॥

दुष्टों के हाथों के स्पर्श से मैं कभी भ्रष्ट न हो जाऊं इस लिए जिस ने धर्म की रक्षा के लिए अन्त में स्वयं अपना बलिदान कर दिया ।

विनतास्ताजकुमारीं देवीं,
वीरां वयं नमामः ।
भारतमातुर्नाम चोज्ज्वलं,
कर्त्रीं सदा स्मरामः ॥२८॥

इस लिए हम वीरा, भारतमाता के नाम को उज्ज्वल करने वाली ताजकुमारी देवी को नम्र हो कर सदा नमस्कार करते हैं ॥

—०—

रानी दुर्गावती

(बलिदानम् १५६४ ई०)

चन्देला सरदारसुपुत्री, रानी दुर्गावतिसंज्ञा ।
शौर्यवीर्यपौरुषसम्पन्ना, सिंहीवासीद् विभया ॥१॥

रानी दुर्गावती महोबा के चन्देला सरदार की पुत्री शौर्य वीर्य-बल सम्पन्ना और सिंही की तरह निर्भया थी।

बाज़ बहादुर मुग़लाक्रमणैः, चक्रे स्वदेशरक्षाम्।
सा विजित्य इह बाज बहादुर-संग्रामे वीराग्र्या॥२॥

मालवा के बाज़ बहादुर और मुग़लों के आक्रमण से उस ने अपने देश की रक्षा की और बाज़बहादुर के साथ युद्ध में उस ने विजय पाई।

आसफखानं प्रैषयदकबर-सम्राट् तद्विजयाय।
किन्तु विजेतुं नहि सोऽशक्नोत् शूरां रणे सुधीरां॥३॥

सम्राट् अकबर ने आसफखान को उस को जीतने के लिए भेजा किन्तु वह उस शूरवीरा धीरा को हराने में समर्थ न हो सका।

इभमारुह्य[1] सुवीरा स्वयमपि, सैन्यचालनं चक्रे।
तस्याः शौर्यं दृष्ट्वा सुभटाः, सर्वे विस्मयमापुः॥४॥

हाथी पर सवार हो कर उस सुवीरा ने स्वयं सेना का संचालन किया और उस की शूरवीरता को देख कर सब उत्तम सैनिक भी आश्चर्य चकित हो गये।

भवती गच्छतु संग्रामे नो,
बृहती रिपुदलसेना।
निधनं तत्रभवत्याः सम्भवि,
न स्यादित्थमनिष्टम्॥५॥

आप युद्ध में न जायं क्योंकि शत्रु की सेना बहुत बड़ी है। संभव है आप की युद्ध में मृत्यु हो जाय। इस प्रकार का अनिष्ट न हो।

---

१ इभम्—हस्तिनम्।

इत्थं निवार्यमाणा स्वजनैः, बन्धुभिराप्तैरिष्टैः ।
वरमिह मरणं मानसमेतं, मानरहितजीविततः ॥६॥

इस प्रकार अपने सम्बन्धियों, बन्धुओं और इष्टजनों द्वारा मना किये जाने पर भी उस ने कहा कि सम्मान रहित जीवन से मानयुक्त मृत्यु ही अच्छी है ।

एवं कथयित्वा धैर्येण, प्रतिरोधं सा चक्रे ।
प्रबले सत्यपि शत्रुदले सा, नो विह्वलतामाप ॥७॥

इस प्रकार कह कर उस ने धैर्य पूर्वक शत्रु सेना का डट कर मुकाबला किया । शत्रु सेना के प्रबल होने पर भी वह व्याकुल नहीं हुई ।

रणेह्याहतस्तस्या पुत्रः,
श्री नारायणसंज्ञः ।
त्रिशती केवलमवशिष्टान्यैः,
सा त्यक्ता विषमापदि ॥८॥

उस का पुत्र वीर नारायण युद्ध में घायल हो गया । केवल ३०० को छोड़ कर शेष सब ने उस का साथ छोड़ दिया ।

विषमपरिस्थितिमवलोक्यासौ,
कुर्वन्ती प्रतिरोधम् ।
अन्यमुपायं कमपि न लब्ध्वा,
चक्रे निजबलिदानम् ॥९॥

इस प्रकार की विषम परिस्थिति में प्रतिरोध करते हुए और कोई उपाय न देख कर उस ने अपना बलिदान कर दिया ।

तां दुर्गादेवीमिव चण्डीं, रिपुदलदलने दक्षाम् ।
राज्ञीं दुर्गादेवीं विनताः, वीरां मुदा नमामः ॥ १० ॥

उस दुर्गा देवी की तरह तेजस्विनी, शत्रु सेना के नाश करने में समर्था, वीरा रानी दुर्गादेवी को हम प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करते हैं ।

—०—

सुवीरा पतिव्रता कर्णदेवी (किरणदेवी)
(षोडशशतकीया)

यद्यपि स्वीयैर्गुणैः, कैश्चित्प्रसिद्धोऽस्त्यक्बरः ।
दुर्गुणस्तस्मिन् परं, कामित्वरूपो निन्दितः ॥ १ ॥

यद्यपि अकबर अपने उदारता, सहिष्णुता, गुणग्राहकता आदि कई गुणों के कारण प्रसिद्ध है, तथापि उस में कामिता का एक निन्दित दुर्गुण था ।

कामसन्तृप्त्यै च तेना · योजितो मीनापणः ।
यत्र महिलानां प्रवेशः, पूरुषाणां वर्जितः ॥ २ ॥

अपनी इस कामवासना की तृप्ति के लिए उस नें एक मीना बाजार की आयोजना की थी जिस में केवल स्त्रियों का प्रवेश होता था, पुरुषों का प्रवेश उस में वर्जित था ।

तत्र नारीवेशधारी, अक्बरोऽगच्छत्स्वयम् ।
वीक्ष्य महिलां मोहिनीं, स्वान्तःपुरे प्रावेशयत् ॥ ३ ॥

वहां स्वयं स्त्री वेश धारण कर के अकबर जाया करता था

ग्रौर किसी मोहिनी स्त्री को देख कर उसे अपने अन्तःपुर में प्रविष्ट कर लेता था ।

दुश्चरित्रोत्तेजकं, कार्यं सुजनगणनिन्दितम् ।
किन्तु सम्राजो भिया, कर्तुं विरोधं नाशकन् ॥४॥

इस दुराचार के उत्तेजक उस के कार्य की सज्जन गण निन्दा करते थे, किन्तु सम्राट् के भय से उस का लाग विरोध करने में समर्थ न थे ।

बीकानेरनृपानुजस्य दयिता-
सीत्कर्णदेवी सती ।
पृथ्वीराजबुधस्य सद्गुणवती,
ख्याता सुरूपान्विता ॥
तां कर्तुं चकमे यथा कथमपि,
प्रीत्यन्वितामक्बरः ।
बीकानेरपुरीं विजित्य दिहली-
मानाययद् दम्पती ॥५॥

बीकानेर के राजा के छोटे भाई पृथिवीराज की कर्ण देवी (किरण देवी) गुणवती अत्यन्त रूपवती होने के कारण प्रसिद्ध पत्नी थी । अकबर उस को किसी तरह अपनी प्रिया बनाना चाहता था, इस लिए बीकानेर को जीतकर वह पृथिवीराज और उस की पत्नी किरण देवी को देहली ले आया ।

आदेश एकः प्रहितश्च तेन,
मीनापणे प्रेषयितुं स्वपत्नीम् ।

पृथ्वीपतेर्येन समस्तदेहे,
क्रोधस्य वह्निर्ज्वलितो बभूव ॥६॥

वहां उस ने पृथ्वीराज को अपनी धर्मपत्नी को मीना बाजार में भेजने का आदेश दिया जिसे प्राप्त कर पृथ्वीराज के सारे शरीर में क्रोध की अग्नि जल उठी।

स्वकीयभार्यामदिशद् यदासौ,
सिद्धाभवत्सा स्वयमेव गन्तुम्।
रक्तेक्षणः कोपपरीतचेताः,
उवाच तां त्वं [1]कुलटासि गुप्ता ॥७॥

जब उस ने अपनी पत्नी से इस आदेश के विषय में बताया तो वह स्वयं ही जाने को तैयार हो गई। तब पृथिवीराज ने क्रोध से व्याकुल चित्त वाला हो कर आंखों को लाल करते हुए कहा कि तू छिपी हुई व्यभिचारिणी है।

गन्तुं सहर्षं यदिहोद्यतासि,
पार्श्वेऽक्बरस्यातिजघन्यवृत्तेः।
चरित्रहीना त्वमपीह नूनं,
ज्ञातं मयाद्यैव ततो न पूर्वम् ॥८॥

जो तू नीच वृत्ति वाले अकबर के पास प्रसन्नता से जाने को तैयार हो गई है। आज ही मैंने इस बात को जाना कि तू चरित्रहीना है। पहले मुझे पता न था।

---

१ कुलटा – व्यभिचारिणी।

उवाच देवी नहि नाथ शङ्कां,
कुरुष्व पत्न्यां सुपतिव्रतायाम् ।
स्वप्नेऽप्यहं देव कदापि नान्यं,
त्यक्त्वा भवन्तं प्रतिदत्तचित्ता ॥६॥

देवी ने कहा कि हे प्राणनाथ ! आप अपनी उत्तम रूप से पतिव्रता धर्म का पालन करने वाली इस पत्नी में किसी प्रकार का सन्देह न करें। पतिदेव ! मैं तो स्वप्न में भी आप को छोड़ कर किसी अन्य में अपना चित्त नहीं लगा सकती।

कटौ कृपाणो निहितो हि येन,
ध्रुवं हनिष्यामि हि पामरं तम् ।
निरुध्य मीनापणमेव पश्चात्,
प्राणेश विश्रान्तिमहं करिष्ये ॥१०॥

मैंने अपनी कमर में कृपाण (कटार) बांध ली है। मैं उस नीच को अवश्य मार दूंगी। हे प्राणनाथ ! मैं तो मीना बाजार को बन्द करा कर ही फिर आराम करूंगी।

सत्क्षत्रिया अत्र कथं भवन्ति,
सद्वृत्तरक्षानिरता नितान्तम् ।
प्रदर्श्य तं तस्य वधं च कृत्वा-
ऽऽयास्यामि हृष्टा भवदन्तिकेऽहम् ॥११॥

उत्तम क्षत्राणियां किस प्रकार अपने सदाचार की निरन्तर रक्षा करने वाली होती हैं, यह उसे दिखा कर और उस का वध कर के फिर मैं प्रसन्न चित्त से आप के पास आऊंगी।

पृथ्वीपतिस्तेन सुगद्गदोऽभू-
न्निशम्य पत्न्या ध्रुवनिश्चयं तम् ।
ददौ स्वकीयाशिष एव हृष्टः.
स प्रार्थयामास च तस्य सिद्ध्यै ।।१२।।

अपनी पत्नी के इस अटल निश्चय को सुन कर पृथ्वीराज बहुत गद्गद हो गया । प्रसन्न हो कर उस ने उसे आशीर्वाद दिया और उस के निश्चय की सफलता के लिए भगवान् से प्रार्थना की ।

अलंकृता सा तु ततो जगाम,
मीनापणं साधुजनैर्विगर्हिते ।
श्रुत्वा गतां तां निजकुट्टिनीभिः.
जगाम चात्यन्तमुदं स सम्राट् ।।१३।।

वह उत्तम वस्त्रों से सजधज कर सज्जनों द्वारा अत्यन्त निन्दित उस मीना बाजार में गई । अपनी प्रचारिणी दलाल स्त्रियों द्वारा उस किरण देवी के आने का समाचार जान कर सम्राट् अत्यन्त प्रसन्न हुआ ।

नीत्वा च तां यत्र न कश्चिदन्यः,
कर्तुं कुचेष्टामुपचक्रमे[1] यदा ।
अपातयत् तं सहसा सुवीरा,
कृपाणपाणिश्च तदा [2]जिघांसुः ।।१४।।

और उस देवी को उस स्थान में ले जा कर जहां कोई अन्य न था, उस ने उस के साथ कुचेष्टा प्रारम्भ करनी चाही, तब उस सुवीरा

---

१ उपचक्रमे – प्रारेभे ।
२ जिघांसुः – हन्तुमिच्छुका ।

ने एक दम उसे नीचे गिरा दिया और हाथ में कृपाण ले कर उसे मारने की इच्छा वाली हो कर कहा ।

जगाद भोः पामर ते शरीरं,
सुखण्डयिष्यामि पतिव्रताहम् ।
दृष्टा त्वया दुष्ट न भारतीयाः,
देव्यः सुवीराः पतिदत्तचित्ताः ॥१५॥

हे नीच ! मैं पतिव्रता तेरे शरीर के टुकड़े कर डालूंगी । हे दुष्ट ! तूने पतिव्रता सुवीरा भारतीय देवियों को कभी देखा नहीं ?

येनेदृशं कर्म विगर्हितं त्वं,
करोषि [1]नापत्रपसे च नीच ।
त्वामन्तिकेऽहं द्रुतमन्तकस्य,
संप्रेषयामीह मुदाति निन्द्यम् ॥१६॥

जिस से हे नीच ! तू ऐसे अत्यन्त निन्दित कर्म को करता और उस से लज्जित नहीं हाता । अब मैं तुझ नीच को शीघ्र ही प्रसन्नतापूर्वक यमराज के समीप भेज देती हूं ।

पातिव्रतं येन सुरक्षितं स्यात्,
लोके समानां प्रमदाजनानाम् ।
एतादृशं दण्डमहं सुघोरं,
दास्यामि तुभ्यं भुवि पामरेश ॥१७॥

जिस से सब स्त्रियों का पातिव्रत संसार में सुरक्षित हो । हे नीचराज ! मैं तुझे ऐसा कठोर दण्ड दूंगी ।

---

१ अपत्रपसे – लज्जसे ।

इत्येवमुक्त्वा किल तस्य वक्षसि,
स्वीयं कृपाणं विनियोक्तुमुद्यता।
तस्याः पतित्वा पदयोः स सम्राट्,
भिक्षां ययाचे निजजीवितस्य ॥१८॥

ऐसा कह कर वह उस की छाती में अपने कृपाण को घुसेड़ने को तैयार हुई। तब सम्राट् उस के पैरों पर पड़ कर अपने जीवन की भिक्षा मांगने लगा।

नैवं कदाचित्पुनराचरिष्ये,
क्षमस्व मातः किल तेऽस्मि पुत्रः।
भवत्युदारा तव हस्तयोर्हि
मज्जीवितं साम्प्रतमस्ति मातः ॥१९।

मैं फिर कभी ऐसा नहीं करूंगा। माता जी! मुझे क्षमा करो। मैं आप का पुत्र हूं। आप तो बड़ी उदार हैं। हे माता जी! अब मेरा जीवन आप के हाथों में है।

त्वं मृत्युदण्डं त्वधमार्हसीह,
न जातु संशीतिलवोऽपि तत्र।
तथापि यत्प्रार्थयसेऽत्र भिक्षां,
ददामि तां तत्र पणावुभौ स्तः ॥२०॥

हे नीच! तू तो निश्चय से मृत्यु दण्ड के योग्य है इस में जरा भी सन्देह नहीं है, तो भी जो तू जीवन भिक्षा की प्रार्थना कर रहा है, मैं उसे देती हूं पर उस में दो शर्तें हैं।

इतः परं नैव कदापि नीच,
मीनापणं योजयितासि निन्द्यम् ।
पूज्यश्च भर्ता मम सद्य एव,
कार्यः स्वतन्त्रः स यथेष्टगत्यै ॥२१॥

इस के पश्चात् हे नीच ! तूने कभी निन्दनीय मीना बाज़ार को नहीं लगाना और मेरे पूज्य पतिदेव को स्वतन्त्र संचार के लिए तत्काल बन्धनमुक्त कर देना।

नार्यः समस्ता भगिनीवदीक्ष्याः
संभावनीया निजमातृवद् वा ।
पणौ यदि त्वं ह्युररीकरोषि,
सकृत् क्षमां दातुमिहोद्यताहम् ॥२२।

सारी स्त्रियों को बहिन व अपनी माता की तरह समझना। यदि तू मेरी इन दो शर्तों को स्वीकार करता है तो मैं तुझे क्षमा प्रदान करने को तैयार हूं।

मातः पणौ द्वावुररीकरोमि,
क्षमस्व मामम्ब दयां कुरुष्व ।
नेतः परं कामपि वान्यपत्नीं,
मातः कुदृष्टया ह्यवलोकयिष्ये ॥२३॥

माता जी! मैं इन दोनों शर्तों को स्वीकार करता हूं। मुझे क्षमा करो माता जी ! मेरे पर दया करो। मैं इस के बाद कभी किसी भी दूसरे की पत्नी व अन्य स्त्री को माता जी ! मैं बुरी दृष्टि से नहीं देखूंगा।

इत्थं प्रतिज्ञां खलु तस्य लब्ध्वा,
दत्वा च भिक्षां निजजीवितस्य ।
तदा मुदा सा गृहमाजगाम
न्यवेदयद् वृत्तमिदं च भर्त्रे ॥२४॥

इस प्रकार उस से प्रतिज्ञा वचन ले कर और उसे जीवन की भिक्षा दे कर वह देवी प्रसन्नता से अपने घर आई और उस ने अपने पतिदेव को सारा वृत्तान्त सुनाया ।

निशम्य वृत्तं मुदितः स गद्गदः,
पृथ्वीपतिस्तां प्रशशंस पत्नीम् ।
धन्योऽस्म्यहं येन भवादृशी स्त्री,
लब्धा सुवीरा सुचरित्रवित्ता ॥२५॥

पृथिवीराज इस वृत्तान्त को सुन कर अत्यन्त प्रसन्न और गद्गद हो गया और अपनी पत्नी की प्रशंसा करने लगा । उस ने कहा कि मैं धन्य हूं जिस को तुम्हारे जैसी सदाचाररूपी धन से युक्ता, सुवीरा पत्नी मिली है ।

क्षमस्व मां देवि मयाऽतिरोषात्,
आसीत्प्रयुक्त कुलटाद्यवाचाम् ।
दुर्गासि साक्षात्सकलाभिनन्द्या,
तथानुकृत्या महिलाभिराभिः ॥२६॥

हे देवि ! मुझे क्षमा करो कि मैंने अत्यन्त क्रोध वश तुम्हारे लिए कुलटा (व्यभिचारिणी) आदि बुरे शब्दों का प्रयोग किया था । तुम तो सब के लिए प्रशंसा करने योग्य साक्षात् दुर्गा देवी हो, जो इन सब अन्य स्त्रियों द्वारा अनुकरण करने योग्य हो ।

प्राणप्रियां तामभिनन्द्य सम्यक्,
चुचुम्ब तस्याः शशिसन्निभं मुखम् ।
आलिङ्ग्य तां गाढमतीव दोर्भ्यां,
धन्यं निजात्मानमय च मेने ॥२७॥

अपनी प्राणप्रिया की अच्छी प्रकार से प्रशंसा कर के पृथिवीराज ने उस के चन्द्र-समान मुख का चुम्बन किया और अपने बाहुपाश से उस का गाढ आलिङ्गन करके अपने आप को धन्य माना।

इत्थं महान् सन्महिलोपकारः,
कृतो यया स्वीयचरित्रशक्त्या ।
नमामि भक्त्या महिलोत्तमां तां,
श्रीकर्णदेवीं प्रथितां सुवृत्ताम् ॥२८॥

इस प्रकार जिस देवी ने अपने सच्चरित्र की शक्ति से उत्तम महिलाओं का महान् उपकार किया, उन महिलाओं में उत्तमा सुप्रसिद्धा सदाचारिणी श्री कर्ण देवी (किरण देवी) को मैं भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूं।

अद्यापि लोके मनुजा अनेके,
ये दुश्चरित्रा धनशक्तिमत्ताः ।
नार्यो भवेयुर्यदिकर्णदेवी-
तुल्यास्तदा सत्पथि चानयेयुः ॥२९॥

आज भी इस लोक में अनेक धन और शक्ति के मद से मस्त दुराचारी लोग विद्यमान हैं। यदि कर्ण देवी के समान सुवीरा नारियां हों तो उन को वे सीधे रास्ते पर ले आयें।

⁴सच्छक्तियुक्ता अबला न नार्यो,
वेदोदितादर्श इहायमेकः ।
तं स्थापयन्तीं पुरतो जनानां,
श्रीकिरणदेवीं विनतो नमामि ॥३०॥

नारियां अबला नहीं किन्तु उत्तम शक्तियुक्ता होनी चाहियें यह एक वेदोक्त आदर्श है। उस वैदिक आदर्श को जनता के सम्मुख स्थापित करने वाली श्री किरण देवी को मैं नम्रतापूर्वक नमस्कार करता हूं ॥

४ अवीरामिव मामयं शरारुरभिमन्यते। उताहमस्मि वीरिणी इन्द्रपत्नी। (ऋग्वेदे १०. ८६. ९)

—०—

त्यागमूर्तिर्हाडी रानी

(सप्तदशशतकीया)

चूडावताख्यः सुभटाग्रगण्य-
श्चित्तौडसेनापतिरेक आसीत् ।
नीचं निरोद्धुं ह्यवरङ्गजीवं,
चित्तौड़भूपः स यदा प्रतस्थे ॥१॥

चूडावत नामी एक उत्तम योद्धाओं में श्रेष्ठ, चित्तौड़ के महाराणा का सेनापति था। जब नीच औरंगजेब को रोकने के लिए चित्तौड़ के महाराना ने प्रस्थान किया।

अन्तःपुरं स प्रविवेश चूडो,
द्रष्टुं नवोढां दयितां स्वकीयाम् ।

हाडीति संज्ञा सुभटस्य पत्नी,
दृष्ट्वा विषण्णं स्वपतिं जगाद ।।२।।

चूडावत अपनी नवविवाहिता प्रिय पत्नी को देखने के लिए अन्तःपुर में गया। हाडी नाम वाली उस उत्तम योद्धा की पत्नी ने अपने पति को दुःखी देख कर कहा।

भर्तर्विषण्णः किमु लक्ष्यसे त्वं
चिन्तातुरः किं प्रतिभासि नाथ ।
सत्क्षत्रियाः स्वर्गकपाटभूतं,
युद्धं [1]यदृच्छागतमामनन्ति[2] ।।३।।

हे स्वामिन् ! आप क्यों दुःखित दिखाई देते हैं ? हे नाथ ! आप क्यों चिन्ता से व्याकुल प्रतीत होते हैं ? उत्तम क्षत्रिय तो स्वयं अकस्मात् आये हुए युद्ध को स्वर्ग का द्वार कहते हैं।

चूडावतो नोत्तरितुं शशाक,
[3]पाणिग्रहो नूतन इत्युवाच ।
प्रिये म्रियेयं यदि युद्धभूमौ,
का ते दशा स्यादिति चिन्तयामि ।।४।।

चूडावत इस का उत्तर न दे सका। उस ने इतना ही कहा कि अभी हमारा नया-नया विवाह हुआ है। प्रिये ! यदि मैं युद्ध भूमि में मर जाऊं, तो तेरी क्या अवस्था होगी यही मुझे चिन्ता है।

---

१ यदृच्छागतम् – स्वयम् अकस्माद्वा आगतम्।
२ आमनन्ति – कथयन्ति।
३ पाणिग्रहः – विवाहः।

वीरा तदोवाच नवोढपत्नी,
चिन्ता न कार्या भवता मदीया ।
स्वर्गे तदा नौ भविता हि योगो,
द्रष्टास्मि तत्रैव भवन्तमर्च्यम् ॥५॥

तब उस वीरा नवविवाहिता पत्नी ने कहा कि आप को मेरी चिन्ता नहीं करनी चाहिये । तब निश्चय से हमारा स्वर्ग में मेल होगा । मैं अपने पूज्य आप को वहीं देखूंगी ।

भूत्वा भवान् क्षत्रकुलावतंसः,
किमस्ति चिन्तानिरतो नितान्तम् ।
कर्तव्यमेवावहितेन चेतसा,
कुर्वन्नरः सद्गतिमेति नित्यम् ॥६॥

आप क्षत्रिय कुल के भूषण हो कर क्यों निरन्तर चिन्ता में मग्न हैं ? मनुष्य सावधान चित्त से कर्तव्य कर्म करता हुआ ही सदा उत्तम गति को प्राप्त होता है ।

प्रबोधितः स्वप्रियया सुवीरया,
प्रोत्साहितश्चापि हि कृत्यपालने ।
चूडावतो हृष्टमनाः प्रतस्थे,
युद्धं मुदा कर्तुमथोद्यतोऽभूत् ॥७॥

इस प्रकार अपनी उत्तम वीर पत्नी द्वारा समझाया और निश्चय से कर्तव्यपालनार्थ प्रोत्साहित किया हुआ चूडावत प्रसन्न मन वाला हो कर चल दिया और प्रसन्नता पूर्वक युद्ध करने को तैयार हो गया ।

परं विषादो हृदये तदीये,
आसीत्पुनः शल्य[1] इव प्रविष्टः ।
प्रिया नवोढा भविता हि तस्याः,
शोच्या दशा वै निहते मयीत्थम् ॥८॥

किन्तु उस के हृदय में यह दुःख कांटे की तरह घुसा हुआ था कि मेरी नव विवाहिता पत्नी है, मेरे इस प्रकार मर जाने पर उस की निश्चय से शोचनीय अवस्था हो जायेगी ।

चिन्तानिमग्नो नितरां स खिन्नो,
नोत्साहवान् युद्धरतिः स आसीत् ।
संप्रैषयत्सेवकमेव सद्यः,
पुनः स पत्न्या हृदयं विबोद्धुम् ॥९॥

वह चिन्ता में निमग्न (डूबा हुआ) और दुःखित था तथा उस का युद्ध में प्रेम और उत्साह न रहा था । उस ने शीघ्र अपनी पत्नी के हृदय के भाव को भली-भांति जानने के लिए एक सेवक को भेजा ।

स [2]किङ्करस्तत्पतिचित्तवृत्तं,
प्रोवाच तस्या हृदयस्य भावम् ।
ज्ञातुं ततः सा महिलामणिस्तु,
छेत्तुं स्वपत्युर्नवमोहपाशम् ॥१०॥
छेत्तुं [3]कृपाणेन शिरः स्वकीयं,
निर्धारयामास सती सुवीरा ।

---

१ शल्यः – कण्टकः । २ किंकरः – सेवकः ।
३ कृपाणेन – खड्गेन, करवालेन ।

उवाच तं सेवकमेव सद्यः,
शीर्षं मदीयं दयिताय देहि ॥११॥

उस सेवक ने उस देवी के हृदय के भाव को जानने के लिए उस के पति के हृदय का वृत्तान्त बताया। तब उस उत्तम सुवीरा सती नारी मणि ने अपने पति के नये मोह के पाश को काटने के लिए तलवार से अपने सिर को काटने का निश्चय कर लिया और उस ने सेवक से कहा कि जल्दी जा कर मेरे सिर को मेरे पतिदेव को दे दो।

विच्छिन्न इत्थं मम मोहपाशे,
छिन्द्यात् स्वशत्रून् गतभीर्विचिन्तः।
उक्त्वा च विच्छिद्य शिरः स्वकीयं,
तस्मै ददौ वीरवराङ्गना सा ॥१२॥

इस प्रकार मेरे मोह रूप पाश के कट जाने पर वह (मेरा पति) निर्भय और चिन्ता रहित हो कर अपने शत्रुओं का ही छेदन करे। यह कह कर उस वीर स्त्री ने अपने सिर को काट कर उस सेवक को दे दिया।

त्यागं महान्तं पतिमेव कर्तुं,
कर्तव्यनिष्ठं विदधे सती सा।
चूडावतः स्फूर्तियुतस्तदानीं,
क्षात्रं स्वकर्तव्यमिहाचरन् स्वम् ॥१३॥

लेभे सुकीर्तिं निहतश्च युद्धे,
पुण्यं ततो लोकमिहासाद।

हाडी सती स्वर्गतिमेव लेभे,
लोकेऽद्भुतं त्यागमिहाचरन्ती ॥१४॥

उस सती ने अपने पति को कर्तव्यनिष्ठ बनाने के लिए ही यह महान् त्याग किया। तब चूडावत ने स्फूर्तियुक्त हो कर अपने क्षात्र कर्तव्य का आचरण करते हुए उत्तम कीर्ति को और युद्ध में मरने के पश्चात् पुण्य लोक की प्राप्त सती हाडी रानी ने इस लोक में अद्भुत त्याग कर के स्वर्ग को प्राप्त किया।

तयोस्तदा तत्र सुयोग आसीत्,
सम्बन्ध आसीन्नहि छेत्तुमर्हः।
धन्या सुवीरे तव कीर्तिगाथां,
गास्यन्ति नित्यं मुदिताः समस्ताः ॥१५॥

तब उन दोनों का वहां (परलोक) में फिर मेल हुआ, क्योंकि उन का सम्बन्ध टूटने योग्य न था। हे सुवीरे ! तुम धन्य हो। तुम्हारी कीर्ति गाथा को सब प्रसन्न हो कर सदा गायेंगे।

एतादृशस्त्याग इहान्यदेशे,
मन्ये नहि श्रोत्रपथं प्रयातः।
नमो नमस्ते विनयेन मात-
र्यया प्रसूताः सुसुता गुणाढ्याः ॥१६॥

मैं समझता हूं कि ऐसा त्याग किसी अन्य देश में कभी नहीं सुना गया। हे भारत माता। हम तुझे विनयपूर्वक नमस्कार करते हैं, जिस ने ऐसी गुणशालिनी उत्तम पुत्रियों को जन्म दिया है॥

—o—

वीरवरा लक्ष्मी बाई (झांसी राज्ञी)

१८ नव. १८३५–१७ जून १८५८ ई०

यस्याः शौर्यं, मुदितमनसोऽद्यापि गायन्ति वीराः,
सद्यः स्फूर्तिं,स्मरणमपि तच्चारु यस्या दधाति ।
लोकातीतं, किमपि विमलं, कर्म कृत्वाऽमरा या,
लक्ष्मीबाईं प्रथितयशसं, झांसिराज्ञीं नमामः ॥१॥

जिस की शूरवीरता का आज भी वीर लोग प्रसन्न मन हो कर गान करते हैं, जिस का उत्तम स्मरण भी तत्काल स्फूर्ति को धारण कराता है, जो अलौकिक (अद्‌भुत) निर्मल कर्म कर के अमर हो गई है ऐसी प्रसिद्ध यश वाली झांसी की रानी श्रीमती लक्ष्मी बाई को हम नमस्कार करते हैं ।

नारीजातिः,सततमबला, या मताऽज्ञानकाले,
तस्याः कीर्तिं, स्वकृतसुकृतैरुज्ज्वलं कारयन्तीम् ।
ऊर्ध्वं शीर्षं, पुनरपि मुदा स्वीयमातुर्दधानां,
लक्ष्मीबाईं,प्रथितयशसं, झांसिराज्ञीं नमामः ॥२॥

जिस स्त्री जाति को अज्ञान के समय में निरन्तर अबला माना गया, उस की कीर्ति को अपने पुण्य कार्यों के द्वारा उज्ज्वल करने वाली, अपनी जननी भारत माता के सिर को फिर से संसार की दृष्टि में ऊंचा करने वाली यशस्विनी झांसी की रानी श्रीमती लक्ष्मीबाई को हम नमस्कार करते हैं ।

स्वातन्त्र्याग्निर्मनसि सततं, दीप्त आसीद् यदीये,
तेनैवान्तः, स्फुरितहृदया, याद्‌भुतं कर्म चक्रे ।

आंग्लानां नो ह्यति मतिमतां या पुरोऽप्याननाम,
लक्ष्मीबाईं, धवलयशसं, झांसिराज्ञीं नमामः ॥३॥

जिस के मन में स्वतन्त्रता की अग्नि निरन्तर जल रही थी, उसी से प्रेरित हृदय वाली हो कर जिस ने अद्भुत कर्म किया, जो अत्यन्त बुद्धिमान् चतुर अंग्रेजों के आगे कभी नहीं झुकी, उस शुभ्र यश वाली झांसी की महारानी लक्ष्मी बाई को हम नमस्कार करते हैं।

राष्ट्रं कर्तुं, पुनरपि महत्, सत्स्वतन्त्रं पृथिव्यां,
क्लेशान् सर्वानगणितवती, याऽनिशं तत्परासीत्।
सिंहीवेहातुलबलवती, शौर्यधैर्यादिसिन्धुः,
लक्ष्मीबाईं, प्रथितयशसं, सादरं तां नमामः॥४॥

जो पृथिवी में अपने राष्ट्र को फिर से महान् और स्वतन्त्र बनाने के लिए दिनरात प्रयत्नशील थी, जो शेरनी की तरह अनुपम बल वाली, शौर्य और धैर्य की समुद्र थी ऐसी यशस्विनी महारानी लक्ष्मी बाई को हम आदर पूर्वक नमस्कार करते हैं।

सर्ह्यू रोज़ प्रभृति सुभटा आंग्लदेशोद्भवा ये,
तेऽप्याहुर्यां खलु वरतमां, विप्लवस्याधिनेत्रीम्।
चण्डीवांग्लान्, ननु जितवतीं, खड्गहस्तां सुवीरां,
लक्ष्मीबाईं, प्रथितयशसं, सादरं तां नमामः ॥५॥

सर ह्यू रोज़ आदि अङ्ग्रेज वीर सैनिक भी जिसे सन् १८५७ के विद्रोह की सब से श्रेष्ठ अधिनायिका कहते हैं, चण्डी की तरह तलवार ले कर अङ्ग्रेजों को जीतने वाली सुवीरा, सुप्रसिद्ध यश वाली महारानी लक्ष्मी बाई को हम नमस्कार करते हैं।

"The Rani was the bravest and the best military leader of the rebels." Sir Hugh Rose.

अश्वारूढामसियुतकरां, भानुवद् भासमानां,
कन्यां शिश्वीं, भयविरहितां,पृष्ठभागे वहन्तीम् ।
प्राणाहुत्या, रुचिरवपुषो मातरं पूजयन्तीं,
लक्ष्मीदेवीं, धवलयशसं, सादरं तां नमामः ॥६॥

घोड़े पर सवार, हाथ में तलवार लिए हुए, सूर्य की तरह चमकती हुई, छोटी पुत्री को अपनी पीठ पर चढ़ा कर भय रहिता, अपने सुन्दर शरीर की और प्राणों की आहुति से भारत माता की पूजा करने वाली, शुभ्र यश वाली महारानी लक्ष्मीबाई को हम आदर सहित प्रणाम करते हैं।

यावल्लोके, शशिदिनकरौ, यावदास्ते च गंगा,
यावत्तुङ्गा अतिहिमवृताः, पर्वताः सिन्धवश्च ।
तावन्नूनं, बहुबलवतीं, वीरतादर्शभूतां,
लक्ष्मीदेवीं, प्रथितयशसं, कीर्तयिष्यन्ति वीराः॥७॥

जब तक संसार में चन्द्र और सूर्य हैं, जब तक गंगा है, जब तक संसार में चन्द्र और सूर्य हैं, जब तक हिम से ढके हुए ऊंचे २ हिमालयादि पर्वत और समुद्र हैं, तब तक निश्चय से अत्यन्त बलवती, वीरता की मूर्ति, स्वच्छ यश वाली महारानी लक्ष्मी बाई का वीर लोग सदा कीर्तन करते रहेंगे।

—०—

सुवीरा बाला कनकलता

(१९२९-१९४२ ई०)

कामरूपदेशस्य सुरूपा,
कनकलतासंज्ञा बालासीत् ।

उत्तमकुलजा स्वतन्त्रतायाः,
भावपरिप्लुतचित्ता सासीत् ॥१॥

असम देश में कनकलता नाम की एक सुरूपा कुलीना, स्वतन्त्रता के भावों से परिपूर्ण चित्त वाली बालिका थी।

आंग्ला भारतदेशं त्यक्त्वा,
स्वकीयदेशं प्रति गच्छन्तु।
इदमान्दोलनमत्र प्रवृत्तं,
यदा त्रयोदशवर्षीया सा ॥२॥

जब 'अङ्गरेजो भारत छोड़ो' का आंदोलन सन् १९४२ में देश में प्रवृत्त हुआ उस समय वह तेरह वर्ष की थी।

बाला किन्तु तदीयोत्साह-
स्तरुणजनेभ्योऽप्यधिकः।
करयो राष्ट्रपताकां धृत्वा,
सा नेत्रीत्वमकार्षीत् ॥३॥

यद्यपि वह छोटी सी बालिका थी, किन्तु उस का उत्साह युवक लोगों से भी अधिक था। अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वजा को ले कर उस ने जुलूस का नेतृत्व किया।

शतशो जनाः सुवीरां बालां,
तामनुजग्मुर्मुदिताः।
जयजयभारतजननीत्थं ते,
सर्वे घोषं चक्रुः ॥४॥

सैकड़ों आदमी प्रसन्नता से उस सुवीरा बालिका के पीछे-पीछे चल रहे थे। वे सब 'जय-जय भारत माता' ऐसे नारे लगा रहे थे।

स्वातन्त्र्यं लब्धव्यमिदानीं,
दास्यपाशमिह छित्त्वा।
इत्येवासीत् सर्वजनानां,
मनसि भावना श्लाघ्या ॥५॥

उन सब मनुष्यों के मन में यही प्रशंसनीय भावना थी कि अब हमें दासता के पाश को तोड़ कर स्वतन्त्रता प्राप्त करनी चाहिये।

जनसम्मर्दं दृष्ट्वा शासक-
चित्तं बहुविक्षुब्धम्।
गच्छत गच्छत सदनं स्वीयं,
भवत चान्यथा दण्ड्याः ॥६॥

भीड़ को देख कर शासकों का चित्त विक्षुब्ध हो गया। जाओ जाओ, तुम अपने घर चले जाओ, नहीं तो तुम्हें दण्ड मिलेगा।

विक्षुब्धोऽसौ शासकवर्गः,
इत्थं तत्र जुघोष।
राष्ट्रपताकां बाला हस्ता-
दाच्छेत्तुं स च येते ॥७॥

घबराये हुए शासक वर्ग ने वहां इस प्रकार की घोषणा की और उस बालिका के हाथ से राष्ट्रीय ध्वजा को छीनने का यत्न किया।

किन्तु सुवीरा सा नहि बाला,
जहौ स्वराष्ट्रियकेतुम् ।
प्राणाहुतिमपि दातुमुद्यता,
नैव पताकां दास्ये ।।८।।

किन्तु उस सुवीरा बालिका ने राष्ट्रीय ध्वजा को नहीं छोड़ा। मैं प्राणों की भी आहुति देने को तैयार हूं पर इस राष्ट्रीय ध्वजा को तुम्हें न दूंगी ।

सिंहनादमित्थं सा चक्रे,
चार्वी निर्भयबाला ।
यं श्रुत्वा तत्रत्यशासकाः,
सर्वे चकिता जाताः ।।९।।

उस सुन्दर निर्भयबाला ने ऐसा सिंहनाद किया जिसे सुन कर वहां के सब शासक अत्यन्त चकित हो गये ।

दूरीकर्तुं जनसम्मर्दं,
यष्ट्याघातं चक्रुः ।
नैव यदा परिणामोऽभीष्टो,
गुलिकाभिः प्राजह्रुः ।।१०।।

उस भीड़ को तितर बितर करने के लिए उन्होंने लाठी प्रहार किया, किन्तु जब उसका अभीष्ट परिणाम नहीं हुआ तो वे गोलियों से मारने लगे ।

उरसि सुवीराया बालाया,
एका गुलिका विद्धा ।

यया विसंज्ञा भूत्वा कन्या,
अवनीतले निपतिता ॥११॥

उस सुवीरा बाला की छाती में एक गोली लगी जिस से बेहोश हो कर वह भूमि पर गिर पड़ी।

भीषणगुलिकाघाताविद्धा,
नैवोल्लाघा जाता ।
भारतमातुः पूतचरणयो-
र्बलिमददात् सा मुदिता ॥१२॥

भयंकर गोली के आघात से घायल हो कर वह आरोग्य लाभ नहीं कर सकी और उस ने प्रसन्नता पूर्वक भारत माता के चरणों में अपने जीवन की बलि दे दी ।

धन्या धन्या कनकलते त्वं,
त्वां विनताः प्रणमामः ।
नितरामभिनन्द्यां निर्भयतां,
वयमात्मसु च धरामः ॥१३॥

कनकलते ! तू अत्यन्त धन्या है । हम नम्र हो कर तुझे प्रणाम करते हैं । तेरी अत्यन्त प्रशंसनीय निर्भयता को हम अपने अन्दर धारण करते हैं ।

त्वादृशबालानां बलिरूपः,
स्वतन्त्रतामणिरतुलः ।
लब्धोस्माभिस्तस्माद् वत्से,
दिवंगतां प्रणमामः ॥१४॥

तेरे जैसी बालिकाओं के बलिदान से ही हम ने अनुपम स्वतन्त्रता-रूप मणि को प्राप्त किया है, इस लिये हम तुझ दिवंगता बाला को प्रणाम करते हैं ।।

—o—

वीरबाला मरीचि :

(एकोनविंशशतकीया)

सिक्किमप्रदेशे यशपालसिंहोऽ
भवत्सुबुद्धिर्विमलोऽधिकारी ।
तस्यैव योग्या दुहिता मरीचिः,
आसीत् सुशीला सरलेशभक्ता ॥१॥

